कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 346, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 11 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जोशीमठ मामलाः

# सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार, अदालत ने कहा- हर मामले में यहां आना जरूरी नहीं

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने जोशीमठ मामले पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने इसपर सुनवाई के लिए अब 16 जनवरी की अगली तारीख दी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर मामले में शीर्ष अदालत आने की जरूरत नहीं है। इस पर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संस्थाएं काम कर रही हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

**याचिकाकर्ता ने जोशीमठ संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की थी** -बता दें कि याचिकाकर्ता स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शीर्ष अदालत में अपील करते हुए कहा था कि मामले में तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है और इस संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। जिस पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा



की पीठ ने मंगलवार यानी आज की तारीख दी थी लेकिन अब अदालत ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है।

**याचिकाकर्ता ने दी थी ये दलील**

याचिकाकर्ता का कहना था कि जोशीमठ में आज जो भी हो रहा है वह खनन, बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का निर्माण और उसके लिए किए जा रहे ब्लास्ट के चलते हो रहा है। यह बड़ी आपदा का संकेत है। कहा कि नगर में लंबे समय से भू-धंसाव हो रहा है। लोग इसको लेकर आवाज उठाते आ रहे हैं लेकिन सरकार की ओर से इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इसका खामियाजा आज एक एतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक नगर और वहां रहने वाले लोग झेल रहे हैं।

**जोशीमठ शहर में असुरक्षित भवनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही**

जोशीमठ शहर में असुरक्षित भवनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अब तक कुल 678 भवन चिह्नित किए जा चुके हैं। सीबीआरआई की टीम ने सोमवार को मलारी इन और माउंट व्यू होटल का सर्वे किया था। आज इन दोनों होटलों से भवनों को ढहाने की शुरुआत होगी। इन होटलों को अत्यधिक क्षति पहुंची है।

## विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर सीएम ने हिंदी भाषा को अभिमान बताते हुए दी शुभकामनाएं



● **मध्यप्रदेश।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने हिंदी दिवस की शुभकामनाये देते हुए इंदौर के 'नमो ग्लोबल गार्डन' में प्रवासी भारतीयों तथा सम्मलेन में शिरकत लेने आये अतिथियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। हिंदी दिवस के अवसर पर सीएम के अलावा अन्य नेताओं ने भी शुभकामनाये दी हैं।

**सीएम ने दी शुभकामनाये**-10 जनवरी को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सीएम शिवराज ने अपने ट्वीट से हिंदी भाषा को अपना अभिमान और गौरव बताते हुए देशवाशियों को शुभकामनाहे दी हैं और प्रवासी सम्मलेन में आये मेहमानो के साथ मिलकर इंदौर के गर्दन में पौधरोपण भी किया हैं। हिंदी दिवस पर सीएम ने ट्वीट में कवी भारतेन्दु हरिश्चंद्र की पंक्तियों से हिंदी भसह की महत्त्व समझते हुए कहा- निज भाषा उन्नति अहै,सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा-ज्ञान के,मिटत न हिय को सूल।

**मातृभाषा, राष्ट्र की शक्ति का सशक्त आधार है। हिन्दी हमारा गौरव और अभिमान है। हिन्दी से विशेष अनुराग हो और अन्य भाषाओं से भी प्रेम हो।**

## देहरादून में घने कोहरे के कारण दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत




**दुर्घटना में 56 वर्षीय बस चालक अशोक कुमार पुत्र हंसराज शर्मा, निवासी शिवपुरी डाकपत्थर, की मौके पर ही मृत्यु हो गयी, जबकि बस में सवार 02 अन्य व्यक्तियों के पैर में चोटें आयी। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के देहरादून जिले में पिछले चौबीस घंटे में घने कोहरे के कारण हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गये। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार शाम करीब 06.30 बजे विकासनगर की तरफ से देहरादून की तरफ जा रही एक बस कोहरे के कारण हरबर्ट पुर के पास सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गयी। बस में करीब 19-20 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 56 वर्षीय बस चालक अशोक कुमार पुत्र हंसराज शर्मा, निवासी शिवपुरी डाकपत्थर, की मौके पर ही मृत्यु हो गयी, जबकि बस में सवार 02 अन्य व्यक्तियों के पैर में चोटें आयी। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दूसरा हादसा सोमवार शाम को इसी मार्ग पर शाम करीब 06.00 बजे हुआ, जिसमें एक वाहन बालासुंदरी मंदिर के पास कोहरे के कारण पेड़ से टकरा गया। वाहन सवार सभी 04 लोगों को सुभारती हॉस्पिटल भेजा गया, जहां दो व्यक्तियों को मृत घोषित किया गया तथा अन्य दो को सामान्य चोटें आई हैं। इस दुर्घटना में अमर सिंह पुत्र दुलाराम निवासी बिरसनी, थाना सहसपुर, उम्र 55 वर्ष और हरेन्द्र पुत्र योगेन्द्र, निवासी कोटडा कल्यानपुर, उम्र 25 वर्ष की मौत हो गयी, जबकि सुजाता पुत्री राजकुमार, निवासिनी होरावाला, थाना सहसपुर, उम्र 22वर्ष और रविन्द्र सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी बिरसनी, थाना सहसपुर उम्र 31 वर्ष को सामान्य चोट लगी है।

# जल्द सामने आएगी नई संसद के उद्घाटन की तारीख

**नई दिल्लीः** संसद की नई इमारत जनवरी के अंत तक तैयार हो जाएगी और आतंरिक साज-सज्जा के कार्य को बहुत तेजी से किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संसद का आगामी बजट सत्र नयी इमारत में आहूत किया जाए या पुरानी इमारत में ही, इसको लेकर फैसला अभी लिया जाना है। उल्लेखनीय है कि संसद की नई इमारत देश की सत्ता का केंद्र सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का हिस्सा है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक के राजपथ के तीन किलोमीटर मार्ग का नवीनीकरण, प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति के लिए नए आवास और कार्यालय और केंद्रीय सचिवालय का निर्माण किया जाना है। निर्माण की जिम्मेदारी



केंद्रीय आवास और शहरी विकास मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को दी गई है। सरकारी सूत्र ने बताया, संसद की नई इमारत इस महीने के अंत तक तैयार हो जाएगी एवं आंतरिक साज-सज्जा के काम को बहुत तेजी से किया जा रहा है। संसद की नई इमारत का निर्माण कार्य दो साल पहले शुरू हुआ था। एक अन्य सूत्र ने सोमवार को बताया कि सरकार जल्द नई इमारत का उद्घाटन करने का फैसला लेगी। केंद्रीय आवासीय व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले साल नवंबर मे कहा था कि यह सरकार पर है कि वह संसद की नई इमारत का उद्घाटन के लिए दिन तय करे।

# 'शादी का वादा करके सहमति से बनाए गए संबंध रेप नहीं' हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**नई दिल्लीः** उड़ीसा हाईकोर्ट ने रेप के एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया। दरअसल, एक दुष्कर्म केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि शादी का वादा करके सहमति से बनाए गए संबंध रेप नहीं हो सकता। व्यस्क महिला के साथ संबंध बनाना दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं आता है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई महिला सहमति के आधार पर यौन संबंध बनाती है तो आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म संबंधी आपराधिक कानून का इस्तेमाल नहीं हो सकता। जस्टिस संजीब पाणिग्रही की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। उनके मुताबिक, शादी के झूठे वादे को दुष्कर्म मानना गलत प्रतीत होता है। क्योंकि IPC की धारा 375 के तहत संहिताबद्ध दुष्कर्म की सामग्री इसे कवर नहीं करती।



● **उड़ीसा हाईकोर्ट ने रेप के एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया। दरअसल, एक दुष्कर्म केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि शादी का वादा करके सहमति से बनाए गए संबंध रेप नहीं हो सकता। व्यस्क महिला के साथ संबंध बनाना दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं आता है।...**

जस्टिस पाणिग्रही के अनुसार, पुलिस रिकॉर्ड से पता चलता है कि पुरुष और महिला एक-दूसरे को जानते थे और मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि कोई जबरन यौन संबंध नहीं बनाया गया था। कोर्ट ने निचली अदालत के आरोपी को सशर्त जमानत देने का भी आदेश दिया। शर्त के तहत अभियुक्त जांच प्रक्रिया में सहयोग करेगा और पीड़िता को धमकी नहीं देगा।


दरअसल, एक शख्स ने शादी का झांसा देकर पहले युवती से शारीरिक संबंध बनाए और फिर आरोपी कुछ दिन बाद फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय हिरासत में भेज दिया गया, इसके बाद निचली अदालत की ओर से उसकी जमानत याचिका खारिज किए जाने पर आरोपी ने हाईकोर्ट का रुख किया जहां कोर्ट ने कहा कि धारा 375 के तहत सहमति से बनाए संबंध बलात्कार नहीं होता।

# हर दिन 604 भारतीय छोड़ रहे हैं नागरिकता : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि देश के 604 लोग हर दिन नागरिकता छोड़ रहे हैं। ये ऐसे नागरिक हैं, जिनकी आमदनी वर्ष में आठ करोड़ से अधिक है। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि अमृतकाल में 604 भारतीय हर दिन देश छोड़ रहे हैं। यह ठीक नहीं है। इसके कारणों को समझने की जरूरत है।

गौरव ने कहा कि जिस तरह से भारतीय नागरिक देश की नागरिकता छोड़ रहे हैं उससे तो यही लगता है कि अच्छे दिन भारत नहीं बल्कि दूसरे देशों में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग देश में बढ़ती बेरोजगारी, लो जीडीपी ग्रोथ आदि कारणों के चलते देश छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

गौरव ने कहा कि देश में गरीबी बढ़ रही है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत का 107वां स्थान है। ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में 135वां स्थान, ग्लोबल प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में देश का 150वां स्थान है। सरकार को इन बातों पर गौर करना चाहिए।




# पीएम मोदी 19 को हैदराबाद में करेंगे रेल परियोजनाओं की शुरुआत

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जनवरी को तेलंगाना में रेलवे से जुड़ीं 2,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। साथ ही वह हैदराबाद और विजयवाड़ा के बीच एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की आधारशिला रखेंगे। इसमें करीब 700 करोड़ का खर्च आएगा। इसके अलावा वह काजीपेट में 'पीरियॉडिकल ओवरहॉलिंग' (पीओएच) कार्यशाला के निर्माण कार्य की भी शुरुआत करेंगे।

**पीएम 12 जनवरी को करेंगे राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई




ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को राज्य के हुबली में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। बोम्मई ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को हुबली रेलवे ग्राउंड पहुंचेंगे। उन्होंने कहा, 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के युवा सात दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को कल संबोधित करेंगे उपराष्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को जयपुर में हो रहे 83वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में संसद और विधान मंडलों को और प्रभावी, जवाबदेह बनाने, इनकी उत्पादकता बढ़ाने के साथ इन्हें डिजिटल संसद से जोड़ने पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि यह सम्मेलन भारत की विधायी निकायों की सर्वोच्च संस्था है, जिसका पहला सम्मेलन साल 1921 में शिमला में हुआ था।

# परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-2 ने सटीक लक्ष्य को मारा, परीक्षण सफल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से मंगलवार शाम को परमाणु संपन्न कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-2 का सफल ट्रेनिंग लॉन्च किया गया। मिसाइल ने उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर फिर एक बार अपनी उपयोगिता साबित की। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सभी तय परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। मिसाइल का परीक्षण एक नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत किया गया।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार पृथ्वी-2




मिसाइल का प्रक्षेपण एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर, ओडिशा से शाम को लगभग 07.30 बजे किया गया। यह मिसाइल प्रणाली उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। आज के प्रशिक्षण प्रक्षेपण ने मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को सफलतापूर्वक मान्य किया। अधिकारियों ने कहा कि यह अत्याधुनिक मिसाइल अपने लक्ष्य को भेदने के लिए उन्नत जड़त्वीय मार्गदर्शन प्रणाली का उपयोग करती है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल को स्वदेशी तरीके से विकसित किया है। पृथ्वी-2 मिसाइल की मारक क्षमता 350 किलोमीटर है। यह 500 से 1,000 किलोग्राम भार तक हथियार लेकर जाने में सक्षम है। सतह से सतह पर साढ़े तीन सौ किलोमीटर मार करने वाली इस मिसाइल में तरल और ठोस ईंधन वाले दो इंजन लगाए गए हैं। इसे तरल और ठोस दोनों तरह के ईंधन से संचालित किया जाता है। पृथ्वी-2 मिसाइल प्रणाली बेहद कामयाब मानी जाती है और बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को भेदने में सक्षम है।

## खबर संक्षेप

### शुआट्स छात्र का राष्ट्रीय युवाउत्सव हेतु चयन

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा छात्र-छात्राओं को उच्च कोटि का प्रशिक्षण दिया जाता है। परिणामस्वरूप गणतंत्र दिवस परेड में एक छात्रा के चयन के पश्चात बी.एड. के एक छात्र मंजीत मिंज का चयन 26वें राष्ट्रीय युवाउत्सव 2023 हेतु हुआ है। एनएसएस उप समन्वयक सत्यम कुमार केसरी ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती के उपलक्ष में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 26वें राष्ट्रीय युवाउत्सव का आयोजन 12 जनवरी से 26 जनवरी तक हुबली धारवाड़, कर्नाटक में किया जा रहा है जिसमें पूरे उत्तर प्रदेश के 25 छात्रों का चयन हुआ है। शुआट्स के मंजीत मिंज का चयन गत माह विशेष कैंप में उसके प्रदर्शन व उसकी प्रतिभा के आधार पर हुआ। एनएसएस कोआर्डिनेटर डा. दीपक कुमार बोस ने छात्र के चयन पर बधाई दी।

# आभूषण की दुकान में नकाबपोश चोरों ने बोला धावा

## शोर मचाने पर हथियार से लैस एक दर्जन चोर मौके से भागे जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** स्थानीय थाने से महज दो सौ मीटर की दूरी पर प्रयागराज-वाराणसी हाईवे के किनारे स्थित अनवर मार्केट के ऑरिफ कांप्लेक्स में सोमवार की देर रात हथियारों से लैस नकाबपोश एक दर्जन शातिर चोरों ने आभूषण की दुकान पर धावा बोल दिया। शातिर नकाबपोश चोर दुकान के लोहे का चैनल, शटर और शीशे का दरवाजा तोड़कर भीतर दाखिल हो गए। इसी बीच लोगों की नींद खुल गई। शोर मचाने पर शातिर चोरों ने एक किराएदार पर जानलेवा हमला भी किया लेकिन वह बाल-बाल बच गया। लोगों के शोर मचाने पर शातिर चोर मौके पर लोहे की राड और रंभा छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी इलाकाई पुलिस को दी गई तो तत्काल मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। तहरीर ?दिए जाने के बावजूद देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। घटना से मार्केट के अन्य दुकान डरे हुए थे। थाना क्षेत्र के नई झूंसी निवासी रवि वर्मा की प्रयागराज-वाराणसी हाईवे के किनारे अनवर मार्केट के ऑरिफ कांप्लेक्स में शालू ज्वेलर्स के नाम से आभूषण की दुकान है। रोज की तरह सोमवार की देर शाम को भी रवि दुकान बंदकर घर चला गया। इसी बीच देर रात को हथियारों से लैस एक दर्जन शातिर नकाबपोश चोर मौके पर पहुंचे। शातिर चोरों ने पहले दुकान के बगल वाली लोहे की चैनल और शटर का ताला तोड़ा। इसके बाद शीशे के दरवाजे को तोड़ दिया। शातिर चोर दुकान के भीतर ही दाखिल हुए थे कि एक किराएदार लघुशंका के लिए जा रहा था। तभी दुकान के भीतर से आ रही आवाज के कारण वह उधर गया। इसी दौरान शातिर चोरों ने ज्वेलरी की दुकान के टूटे हुए ताले को किराएदार पर फेंक दिया। किसी तरह किराएदार जान बचाकर वहां से भागा। किराएदार के शोर मचाने पर मार्केट के ऊपरी हिस्से में रहने वाले मार्केट मालिक भी बाहर आ गए। शोर शराबे पर आसपास लोग भी जग गए। लोगों ने चोरों को ललकारा तो वे मौके पर लोहे की राड व रंभा छोड़कर फरार हो गए। दुकान से कुछ दूर पर उनके चप्पल और जूते भी पाए गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तो तत्काल मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। तहरीर दिए जाने के बावजूद मंगलवार की देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। घटना से मार्केट के अन्य दुकानदार भी डरे हुए थे। दुकानदारों ने इलाकाई पुलिस से रात के वक्त पुलिसकर्मियों को तैनात करने की मांग की है।



### एक बार फिर हौसला बुलंद चोरो ने एक मंदिर को बनाया निशाना

#### माँ की नथिया, मुकुट, दानपात्र और नगदी समेत लाखो की चोरी



**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र में एक बार फिर हौसला बुलंद चोरों ने एक मंदिर को निशाना बनाते हुए दानपात्र, नगदी व दुर्गा मां की नथिया, मुकुट समेत लाखों की चोरी कर ले गए। मंदिर के भक्तों ने मेजा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की बीती रात मेजा थाना क्षेत्र के डोहरिया शंभूचक गांव में जय मां दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर से चोरों ने दरवाजा तोड़कर अंदर से मां दुर्गा का चांदी का मुकुट, सोने की नथिया, दानपात्र जो 3 महीने से नहीं खुला था जिसमें करीब लाखों रुपए थे। चोर चुरा ले गए। ग्राम प्रधान डोहरिया व जय मां दुर्गा शक्ति पीठ के भक्तों ने मेजा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र में रोष ब्याप्त हैं।



# सड़क धंसने से भारी वाहनों का आवागमन हुआ बाधित

#### मल्हारा क्रॉसिंग ओवर ब्रिज की सड़क धसी

**नैनी।** क्षेत्र के मल्हारा क्रॉसिंग पर बना रेलवे ओवर ब्रिज की सड़क की दृष्टि से भारी वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है बताया जाता है पिछले दो-तीन दिनों से सड़क धंसने से आवागमन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा था आज अधिकारियों व कर्मचारियों की देखरेख में सड़क की मरम्मत का काम शुरू हुआ गौरतलब है कि माघ मेला में रीवा व मध्य प्रदेश के अन्य जनपदों से भारी वाहनों और ट्रैक्टरों से श्रद्धालुओं का आवागमन मेला क्षेत्र में होता है सड़क धंसने से लोगों के साथ-साथ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को घोर असुविधा हो रही है। दो-तीन दिन पहले मलहर ओवरब्रिज की सड़क के धंसने की सूचना लोगों ने संबंधित अधिकारि को दी थी। मंगलवार को बैरिकेडिंग लगाकर अधिकारियों व कर्मचारियों की निगरानी में सड़क की मरम्मत का काम शुरू हुआ। आवागमन बाधित होने से हल्की एवं भारी वाहनों का आवागमन बंद हो गया है जिससे लोगों को रीवा राजमार्ग होते हुए जाना पड़ रहा है।

# रिश्वत न मिलने पर आवास की सूची से नाम काट दिया पन्नी डाल कर परिवार खुले में रहने पर मजबूर!

## एम एलसी निर्मला पासवान देर रात मऊआइमा के शहबाजपुर पहुंची, फोन पर अधिकारियों को लताड़ लगाई

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक महिला को आवास सूची में नाम आया। आरोप है कि बीस हजार रुपये रिश्वत की मांग न पूरी होने पर नाम काट दिया गया। परिवार पन्नी डाल कर इस भीषण ठंड में रहने को विवश है। सूचना पर देर रात एम एल सी पहुंच कर अधिकारियों को फोन पर जमकर लताड़ा और सख्त कार्यवाही की हिदायत दी। मऊआइमा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर निवासनीय गुलाबवती पत्नी सत्य प्रकाश पटेल अतंयत गरीब असहाय है। बताते हैं कि गुलाबवती की चार बेटियां एक पुत्र है। जिसमें एक की लडकी की शादी हुई है। गुलाबवती का आरोप है कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिला था और सूची में नाम भी आया था। आरोप है कि ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार और ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज यादव ने बीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की पैसा न देने पर सूची से नाम काट दिया गया। जिससे मजबूर हो कर परिवार इस भीषण ठंड में पन्नी डाल कर रहने को विवश है। गांव के बीडीसी महेश माली ने इसकी सूचना एम एल सी निर्मला पासवान को दी। जिसपर निर्मला पासवान सोमवार को देर रात पन्नी डाल कर रह रहे परिवार की आपबीती सुनी एंव गरीब परिवार को देख कर निर्मला पासवान ने उसी समय अधिकारियों को फोन लगा कर जम कर फटकार लगाई। एमएलसी का आरोप था कि आज भी सपा मानसिकता के कर्मचारी और अधिकारी सरकारी कार्यालय में मौजूद हैं। वह इसकी शिकायत प्रधानमंत्री, सीएम ,डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या से करेंगीं। इस बाबत मऊआइमा विकास खंड अधिकारी श्याम नारायण चतुवेर्दी ने कहा कि उनके संज्ञान में उक्त मामला आया है। वह जांच कर रहे हैं। जांच के पशचात कार्यवाही की जाएगी। ग्राम प्रधान महेंद्र पटेल और सचिव नीरज यादव ने कहा कि सारे आरोप निराधार हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी से जब पूछा गया कि आवास की सूची से नाम कैसे कटा । वह फोन काट दीं। दोबारा नहीं उठा।





### हर गांव में आवास के नाम पर लूट मची हुई है

मऊआइमा क्षेत्र के अनेकों ग्राम सभा के ग्रामीणों का खुला आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपात्रों को पात्र मोटी रकम ऐंठ कर बना दिया जाता है तथा जो पात्र हैं वह गरीबी के कारण पैसा नहीं दे पाते इस लिए उनका नाम सूची से काट दिया जाता है। यदि देखा जाए तो पूरे कुआं में भांग पडी हुई है।इसकी गुप्त रूप से जांच करायी जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### फसल ताकने के दौरान ठंड लगने से किसान की मौत



**लालापुर।** क्षेत्र के अश्वनीपुर में खेत पर फसल ताकने के दौरान किसान ठंड से अचेत हो गया। जिसे आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। घटना लालापुर के अश्वनीपुर गांव की है। अश्वनीपुर के रहने वाले रावेंद्र पांडेय (44) पुत्र स्वर्गी बाबू लाल पांडेय अपनी जमीन पर गेहूँ की फसल ताकने के दौरान बोए जिसमें पानी लगा कर वह सोमवार रात घर लौटकर आए तो वह अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। परिजन जब तक कुछ समझ पाते तब तक किसान की मौत हो गई, लेकिन परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रावेंद्र पांडेय इसी जमीन पर खेती कर घर चलाते थे। घर में उनकी पत्नी नीता देवी के अलावा एक पुत्र आयुष (06), और चार पुत्री रानू (20) है। खुशबू (18)त्रिशा (15)सुभी( 12) साल की है। नीता देवी ने बताया की अब किसके सहारे बच्चों की पढ़ाई लिखाई और बेटियों की शादी किसके सहारे करेगी। प्रधान वीरेंद्र पांडेय का कहना है कि परिजनों ने बताया किसान खेत से लौटा और अचेत हो गया। उसे तुंरन्त डॉक्टर को दिखाया, लेकिन तब तक ठंड से किसान की मौत हो गया।

### विवाद को लेकर मार पीट व युवती से छेड़खानी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर पडोसी घर में घुस कर विधवा के पुत्री के साथ छेड़खानी किए तथा मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा कस्बा के एक मोहल्ला निवासिनी एक विधवा का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसके घर में घुस कर मारे पीटे एंव जान से मारने की धमकी दी तथा उस की पुत्री के साथ अश्लील हरकतें किए। विधवा ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर मोहम्मद शहनवाज ,मोहम्मद हसीन ,मोहम्मद सुलतान मोहम्मद सलमान के खिलाफ संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

### फोटोग्राफर्स सोसाइटी का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**नैनी।** फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ प्रयागराज का दो दिवसीय कार्यक्रम सीखोत्सव मंगलवार को अरैल के एक गेस्ट हाउस मे शुरू हुआ। जिसमें युवा फोटोग्राफर उसको फोटोग्राफी की बारीकियों से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन राजू सुल्तानिया ने किया। इस अवसर पर राजीव कपूर, रूप श्रीवास्तव,योगेंद्र कुशवाहा, अजय साहू, राजकुमार, सौरव चौधरी, त्रिभुवन प्रजापति, आशीष श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, जीतू केसरवानी, अनूप टंडन, विश्वजीत अरोरा,अमित विश्वकर्मा,विपिन शर्मा, संजय सागर और आसपास के जिलों से फोटोग्राफर शामिल रहे।

### चोरों ने हजारों की नकदी और सामान उड़ाया

**नैनी।** क्षेत्र के चाका मोहल्ले में चोरों ने सोमवार को कमरे का ताला तोड़ कर हजारों की नकदी और सामान लेकर चलते बने। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस आ गई। मिली जानकारी के अनुसार ओंकारनाथ मिश्र चाका में परिवार समेत रहते हैं। सोमवार की रात वह खाना खाकर कमरे में सोने चले गए। सुबह उठकर देखा तो दूसरे कमरे का ताला टूटा था। कमरे के अंदर सारा सामान बिखरा था। कमरे में रखा ब्रीफकेस टूटा था जिसमे रखा एक लाख बीस हजार रुपया और एटीएम कार्ड,आधार कार्ड और जरूरी सामान गायब था। घटना की सूचना ओंकारनाथ मिश्र ने पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गांजा व अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त संजय गोस्वामी पुत्र फूलचन्द्र गोस्वामी निवासी पूरब शरीरा को पूरब शरीरा पानी टंकी के पास से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पकात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त लल्लू सरोज पुत्र स्व० दक्खिनी निवासी बरौली थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 07 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### बारा क्षेत्र में धड़ल्ले से संचालित हैं फर्जी पैथोलॉजी लैब

**बारा।** स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता की वजह से बारा क्षेत्र में फर्जी पैथोलॉजी लैब खूब पनप रहे हैं।क्षेत्र के जसरा,लालापुर, घूरपुर, बारा, लोहगरा, शंकरगढ़ के हर गली,मोहल्ले व चौराहों पर क्लीनिक व नर्सिंग होम के आसपास चल रहे पैथोलॉजी लैब में मरीजों का शोषण होता ही है, साथ साथ उनकी रिपोर्ट भी गलत होने से इसका खामियाजा गरीब मरीजों को भुगतना पड़ता है।कुछ पैथोलॉजी लैब में तो नौसिखिए लोग भी खून निकाल कर जाँच रहे हैं और फर्जी रिपोर्ट दे देते हैं।इतना ही नहीं, रिपोर्ट पर किसी डॉक्टर का हस्ताक्षर भी कर देते हैं।आखिर यह डॉक्टर कौन है, किसी को नहीं मालूम होता।सभी मरीजों की रिपोर्ट में किसी न किसी डॉक्टर के सिग्नेचर होते हैं। जबकि कई ऐसी जाँचें हैं जो केवल एमडी (पैथोलॉजी) ही कर सकते हैं। इस प्रकरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ के अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा दी गई गाइडलाइंस के अनुसार ही पैथोलॉजी लैब संचालित हो सकता है और बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित लैबों पर शीघ्र ही कार्यवाही की जायेगी। अब देखना होगा कि अवैध तरीके से चल रहे पैथोलॉजी लैबों में विभागीय कार्यवाही की जाती है कि स्वास्थ्य विभाग मौन स्वीकृति देते हुए अपनी जेबें गर्म करता रहेगा और आम जनता इन अवैध डॉक्टरों द्वारा शोषित होती रहेगी।

### प्रतापपुर क्षेत्र में अलाव जलाने के लिए डीएम से गुहार

**प्रतापपुर।** ग्रामीण इलाकों में दिन भर कोहरा छाया रहता है, वहीं सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है इससे लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रशासन भले ही अलाव जलाने का दावा कर रहा है लेकिन जगह जगह लोगों को कूड़ा करकट बटोर कर अलाव तापना पड़ रहा है।क्षेत्र में कोहरा, सर्द हवा और गलन लोगों को सता रही है जगह-जगह लोगों ने स्वयं के खर्च से अलाव जलाकर राहत पाने के लिए जुटे है।क्षेत्र के प्रमुख बाजारों प्रतापपुर, मियांपुर, सरायममरेज, बेला, वारी, सिरसा, भेलखा, चौका, जंघई, नेदुला, सोरों, बरियाराम, उग्रसेनपुर चौराहा सहित ग्रामीण इलाकों एवं मार्गों पर शाम ढलते ही समय से पहले सन्नाटा पसर जाता है लोग अपने घरों में शरण ले लेते हैं। विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर राहगीरों को ठंड से राहत के लिए सुबह से शाम तक अलाव जलाने का इंतजाम अत्यंत आवश्यक है। कड़ाके की ठंड के बाद भी प्रशासन की ओर से अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इलाके में ठंड से बचाव हेतु अलाव जलाए जाने की व्यवस्था किए जाने का मांग की है। तापमान गिरते ही मौसम का रुख बदल गया है धूप नही निकलने से ठिठुरन बढ़ गई है इतना होने के बाद भी क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं हुई है।

# शोक संतप्त परिजनों से मिली सांसद रीता बहुगुणा जोशी बंधाया ढांढस

अखंड भारत संदेश

**करछना।** गधियांव गांव निवासी व भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय के घर स्थानीय सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी शोकाकुल पारिवारिक जनों को सांत्वना देने मृतक के घर मंगलवार को पहुंची। उन्होंने परिजनों को इस बेहद दुख की घड़ी में नम आंखों से जहां सांत्वना दी , वहीं घर के अंदर जाकर महिलाओं में भी ढांढस बंधाया। उन्होंने गमगीन परिवार के लोगो को कहा कि इस दर्दनाक हृदय विदारक घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी , और जांच उपरांत घटना में संलिप्त दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा । करछना के गधियाव गांव निवासी पवनेश पवन एक निजी विद्यालय के प्रबंधक भी हैं। उनके 19 वर्षीय बीटेक द्वितीय वर्ष के इकलौते पुत्र उत्कर्ष की गत 31 दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों ने रेल दुर्घटना नहीं बल्कि साजिशन हत्या की आशंका जताते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से इसकी लिखित शिकायत की गई है। परिजनों ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर रेल दुर्घटना से इन्कार किया है और इसे हत्या आरोप आरोपित कर रहे हैं क्योंकि रेल हादसे के कोई भी साक्ष्य नहीं मिले । सांसद ने उत्कर्ष की माता से मुलाकात कर के उनको भी सांत्वना दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस घटना का खुलासा शीघ्र कराया जाएगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डां भगवत पांडेय भाजपा यमुनापार के जिला महामंत्री राजेश शुक्ला वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी भाजपा नेता विष्णु शुक्ला आशीष मिश्रा मुन्ना श्रीराम त्रिपाठी प्रधानाचार्य केपी तिवारी कमला शंकर तिवारी नन्हे पांडेय अजय सिंह मोनू तिवारी चंदन शुक्ला प्रदीप पाठक बीडीसी संतोष शुक्ला शिवम पांडेय आदि लोगों सहित भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के मध्य प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा और रीवाँ सतना के कई पदाधिकारी साथ में रहे।



# थानाध्यक्ष के हाथों कंबल पाकर निहाल हुए गरीब

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** भीषण शीतलहर के बीच जरूरतमंदों को अनुपम फीलिंग स्टेशन की तरफ मंगलवार को कंबल बांटा गया। कंबल वितरण समारोह में थानाध्यक्ष शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह के हाथों कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल गए। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ अनुपम फीलिंग स्टेशन के संरक्षक विजय बहादुर सिंह ने थानाध्यक्ष को गुलदस्ता भेंटकर किया। इसके बाद थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के द्वारा गरीबों को कंबल वितरित किया गया। अनुपम फीलिंग स्टेशन के प्रबंधक अनुपम सिंह ने बताया कि आज कुल 150 असहाय, गरीबों को कंबल वितरित किया गया है। जिन लोगों को आज कंबल नहीं मिल पाया है, उनके नाम लिख लिए गए हैं। उन्हें मकर संक्रांति के दिन घर पर बुलाकर खिचड़ी खिलाई जाएगी और कंबल वितरित किया जाएगा।कंबल वितरण समारोह में आए असहाय, गरीब लोग इस ठंडी के मौसम में कंबल पाकर काफी खुश नजर आए। फीलिंग स्टेशन के संरक्षक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि हमारा यह कार्यक्रम आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। कंबल वितरण समारोह की अध्यक्षता गाढ़ा कटरा के पूर्व प्रधान देवलाल सिंह ने की और संचालन प्रबंधक अनुपम सिंह ने किया। इस मौके पर सहयोगी के रुप में मोहम्मद भैयन अली एडवोकेट, पद्माकर सिंह, राजेंद्र मिश्र, विवेक तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

### अनुपम फीलिंग स्टेशन के सौजन्य से 150 लोगों को बांटा गया कंबल, पेट्रोल पंप के प्रबंधक ने कहा- मकर संक्रांति पर भी बांटा जाएगा कंबल



# शीतलहर : अलाव की समुचित व्यवस्था न होने से लोग हो रहे बेहाल





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** वर्तमान मे जानलेवा ठंड के प्रकोप से नित हो रही घटनाओ के बावजूद नगर निगम की नीद नही टूट रही जबकि अलाव जलाने की केवल खानापूर्ति करना लोगों की जान से खिलवाड़ करना हैं। इस आसय की जानकारी देते हुए यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने अवंतिका कालोनी मे समिति की एक बैठक की गई समिति के महामंत्री संजीव गुप्ता ने कहाकि अलाव की व्यवस्था मानवीय हितो को ध्यान मे रखते हुए ऐसे स्थानों जहा स्थानीय के साथ बाहरी लोगों का भी आना जाना होता है, जैसे रेलवे स्टेशन नैनी, छिवकी, बस टेम्पों स्टैन्ड व गरीब बस्तियों के समीप जरूरी है, जो लगभग हर मोहल्ले मे अलाव की जरूरत है। नगर निगम अभाव के बजाय प्रभाव वाले क्षेत्र मे ही अलाव को प्राथमिकता दे रही है। अवंतिका विकास समिति के सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र ने अवंतिका कालोनी मे अलाव की व्यवस्था कराये जाने की माँग किया। बैठक मे सर्वश्री एन पी मिश्रा, राजेश सिंह, सुनील साहनी, घनश्याम शुक्ला, सुनील श्रीवास्तव, अंजुम नाज, राकेश गुप्ता, धीरेन्द्र चौधरी, के एल सोनी,विनोद जैकब, विपिन सिंह अजय जायसवाल, अतुल सिंह अशोक पास्टर आदि शामिल रहे।

### नवयुवक ब्राह्मण समाज ने जलवाया अलाव, राहगीरों को राहत

**सहसों।** क्षेत्र के गारापुर स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय के सामने संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष लवकेश मिश्रा के द्वारा राहगीरों एवं आसपास के लोगों को ठंड से बचाव के लिए अलाव जलवाया गया। इस पर लवकेश मिश्रा ने कहा कि हमारे साथी डॉ ए एन मिश्रा, पंडित प्रमोद शुक्ला, आशीष मिश्रा, प्रिंस शुक्ला, अमन मिश्रा, सास्वत अशोक तिवारी, सूर्यमणि पांडे, शुभम शुक्ला, राजमणि, राजकुमार आदि के सहयोग से हम हमारी संस्था द्वारा लोगों को सर्दी के मौसम में कड़ाके की ठंड से से राहत के लिए गारापुर सहित आसपास के सार्वजनिक स्थानों एवं बाजारों में जब तक सर्द हवाओं के साथ ठिठुरती ठंड पड़ती रहेगी तब तक अलाव की व्यवस्था प्रदान किया जाता रहेगा। जिससे सड़क पर चल रहे राहगीरों एवं आसपास के लोगों को ठंड से राहत मिल सके।

# मेला क्षेत्र : सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का मंडलायुक्त ने फीता काटकर किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत मंगलवार को माघ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउण्ड में त्रिवेणी मार्ग पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने तुलसी कथा रघुनाथ की एवं स्थानीय ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विषयक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शनी की सराहना की।

इस अवसर पर मीडिया से मुखातिब होते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि तीर्थराज प्रयाग में संगम की रेती पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से तुलसी कथा रघुनाथ की और ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विषयक प्रदर्शनी में संगम नगरी प्रयागराज के धार्मिक, ऐतिहासिक स्थलों, प्राचीन व पौराणिक मंदिरों को एक स्थान पर संकलित किया गया है, जिससे मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुगणों एवं शहर के लोग प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि इसी पण्डाल में तुलसी कथा रघुनाथ की प्रदर्शनी लगायी गयी है, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को क्रमबद्ध ढंग से चित्रित किया गया है। भगवान राम के जन्म, वन गमन से लेकर उनके अयोध्या लौटने तक की सभी महत्वपूर्ण घटनाओं को बहुत ही सुंदर चित्रों के माध्यम से दिखाया गया है। प्रदर्शनी में आने पर श्रद्धालुओं के मन में श्रद्धा का भाव जागृत होगा। यह प्रदर्शनी प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व से सम्बंधित स्थलों तथा गोस्वामी तुलसी दास जी के द्वारा रचित रामकथा से सम्बंधित प्रसंगों के बारे में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए उपयोगी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रयागराजके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों का एक स्थान पर संकलन होना प्रदर्शनी के महत्व को और अधिक बढ़ाता है। प्रदर्शनी में बडे. हनुमान जी, अक्षयवट, संगम, उल्टा किला, खुशरोबाग, श्रृंगवेरपुर धाम, मनकामेश्वर मंदिर, नौलखा मंदिर, इलाहाबाद विश्व विद्यालय, आनंद भवन, जैन मंदिर, तारामण्डल, भारद्वाज मुनि, ललिता देवी, नागवासुकी मंदिर सहित अन्य धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से सम्बंधित जानकारी दिये जाने हेतु चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है। मण्डलायुक्त ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह से आगे भी कार्य करते रहे। इस अवसर पर एसडीएम-मेला रेनू सिंह, जिला सूचना अधिकारी-इन्द्रमणि पाण्डेय, क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी गगन यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार राय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# राहुल गांधी से मिले सीएमपी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष करन सिंह

अखंड भारत संदेश

**पूर्व छात्र नेता ने छात्रों के ऊपर हो रहे अत्याचार को राहुल गांधी को अवगत कराया**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के बागपत में भारत जोड़ों यात्रा में सीएमपी डिग्री कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष करन सिंह परिहार ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से भेंट की। तथा पूर्व छात्र नेता ने छात्रों के ऊपर हो रहे अत्याचार को राहुल गांधी को अवगत कराया । तथा यह भी बताया कि आने वाले समय में हर कोई बदलाव चाहता है,वही हर वर्ग के लोग राहुल गांधी के साथ जुड़कर परिवर्तन की ओर अग्रसर है, पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष के साथ काफी संख्या में छात्र यात्रा में शामिल होकर राहुल गांधी से कदमताल मिलाते हुए भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो गए।



# धूप निकली गलन बरकरार, छाया रहा कोहरा , पांच डिग्री तक नीचे रहा पारा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नए वर्ष से दस्तक दे रही ठंड ने रोजमर्रा के जीवन को भी प्रभावित कर दिया है। खासतौर पर बच्चे घरों में कैद हो गए हैं। अब तो आठवीं तक के विद्यार्थियों की 14 जनवरी तक छुट्टी कर दी गई है। इसके अलावा सुबह के समय लोग जरूरी काम से ही घरों से निकले। मंगलवार को तापमान पांच डिग्री के करीब पहुंच गया था। हालांकि, दिन में धूप निकली लेकिन गलन बनी रही। दिन भर सर्द हवाएं चलीं। इससे लोग धूप में निकलने से भी बचते रहे। बुधवार को भी देर सुबह तक घने कोहरे के आसार हैं। इसकी आहट शाम को ही हो गई है, रात में नौ बजे तक कोहरे की वजह से कुछ दूरी तक दिखना ही बंद हो गया था। अभी तीन-चार दिनों तक इसी तरह के मौसम के आसार हैं।इससे पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। वहीं सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री रहा। इससे पहले पांच जनवरी को पारा 5.2 डिग्री तक नीचे चला गया था। हालांकि , मंगलवार को दिन में धूप निकलने से कुछ राहत जरूर रही। कुछ देर के लिए अधिकतम पारा भी 19.8 डिग्री के आसपास पहुंच लेकिन बर्फीली हवाओं की वजह से गलन रही। शाम से तो गलन और बढ़ने लगी थी।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के सभागार में परिचर्चा एवं संगोष्ठी का आयोजन संपन्न

## तकनीक के सहारे हिंदी को नया आकाश मिला हैः प्रो. प्रणय कृष्ण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा अनुभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी विभाग के सभागार में दो सत्रों में परिचर्चा एवं गोष्ठी का आयोजित हुआ। प्रथम सत्र डॉ. अंशुमान कुशवाहा निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे।डॉ. कुमार बीरेन्द्र ने परिचर्चा के अंत में अपनी बात रखते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शोधार्थियों को आत्मसजग बनाने के साथ आत्मविश्वास भी पैदा करते हैं।तकनीक की संक्षिप्तिकरण की प्रक्रिया कभी-कभी अर्थ का अनर्थ भी करती है ।उन्होंने कई उदाहरण देकर अपनी बात की पुष्टि भी की। प्रथम सत्र का संचालन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। द्वितीय सत्र में स्वागत वक्तव्य एवं प्रस्तावना रखते हुए राजभाषा संयोजक प्रो. संतोष भदौरिया ने कहा कि हिंदी की दुनिया को विस्तृत करने में तकनीक की उल्लेखनीय भूमिका है। किंतु लिपि का प्रयोग भी इसमें महत्वपूर्ण है।तकनीक ने रोमन लिपि को बहुप्रचलित किया है,जिससे आगाह भी रहना चाहिये।उन्होंने कहा कि हिंदी को अभी तकनीकी तौर पर और सक्षम बनाये जाने की जरूरत है। गोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. आशुतोष पार्थेश्वर ने 'प्रेमचंद की हिंदुस्तानी' विषय पर विस्तार से बात की। उन्होंने प्रेमचंद के हवाले से हिंदी की दुनिया के विकास और स्वीकार्यता की प्रक्रिया को बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी को सामाजिक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाये जाने के प्रयास होने चाहिये।विश्व भाषा का मतलब ही है हिंदी के माध्यम से विश्व को जानना।विश्व की प्रत्येक संस्कृति को हिंदी के माध्यम से जानें।गौर से देखें तो 19वीं सदी से हिंदी का विश्व बनता दिखाई देता है।विश्व में हिंदी पहुँचाने वाले प्रवासी भारतीय थे। प्रेमचंद का सम्पूर्ण साहित्य हिदुस्तानी होने की तस्दीक करता है।गोष्ठी के अध्यक्ष प्रो. प्रणय कृष्ण ने आइसलैंड में हिंदी विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने आइसलैंड में अपने अध्यापकीय प्रवास के हवाले से विदेश में हिंदी के अध्ययन-अध्यापन की स्थिति को बताया। कहा कि तकनीक के सहारे हिंदी को नया आकाश मिला है। भारतीय संस्कृति को जानने में हिंदी किस तरह मदद करती है इसकी चर्चा भी उन्होंने की।उन्होंने कहा कि आइसलैंड का नागरिक समाज जिज्ञासु समाज है। वहां पुस्तक मेला एक - एक महीने तक चलते हैं। द्वितीय सत्र का संचालन डॉ. अमृता ने किया। दोनों सत्र में धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अनुभाग अधिकारी हरिओम कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. एस.पी शुक्ल, डॉ.भूरेलाल, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. बसंत त्रिपाठी, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. जनार्दन, डॉ. दीनानाथ मौर्या, डॉ. संतोष कुमार सिंह,डॉ. लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता ,डॉ. शिवकुमार यादव, डॉ. वीरेंद्र मीणा,डॉ. सुजीत कुमार सिंह, डॉ. चितरंजन कुमार, करन सिंह परिहार सृष्टि, श्वेता, धर्मवीर, बालकरन, प्रतिमा, राहुल कुमार, सत्यम, सहित तमाम शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एसटीएफ ने 3 शातिरों को किया गिरफ्तार

# एटीएम क्लोन तैयार कर खाते से उड़ाते थे रुपये

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एटीएम कार्ड का क्लोन तैयार कर खातों से रुपये उड़ाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई ने 3 शातिर अभियुक्तों को विंध्याचल के गैपुरा चौराहे से गिरफ्तार किया है। तीनों ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

**बिना गार्ड वाले एटीएम को बनाते थे निशाना :**

एसटीएफ, फील्ड इकाई प्रयागराज के उपाक्षीक्षक नवेंदु कुमार ने बताया कि हमें मुखबिरों से सूचना मिली थी कि मिजार्पुर जिले के विंध्याचल क्षेत्र के गैपुरा चौराहे पर एसबीआई का एटीएम है। यहां कुछ संदिग्ध लोग अक्सर आकर एटीएम बदलकर लोगों के खातों से पैसा निकाल लेते हैं। इस सूचना में एसटीएफ ने अपना जाल बिछाकर सोमवार की शाम 7:50 बजे तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 12 एटीएम कार्ड, 2 मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल व एटीएम से ठगी कर निकाले गए 3000 रुपये बरामद हुए हैं।

**रामू भारतीया पर हैं 16 मुकदमें :**

गिरफ्तार लोगों में नीरज कुमार यादव, पुत्र शिवशंकर यादव निवासी रमई पुर थाना हंडिया, प्रयागराज, रामू भारतीया पुत्र दयाराम भारतीया निवासी ग्राम खपटिहां, हंडिया प्रयागराज व अंशुमान सिंह पुत्र इंद्रेश सिंह शामिल हैं। इद्रेश भी खपटिहां का ही निवासी है। पूछताछ में पता चला कि इस गैंग के मास्टर माइंड रामू भारतीया पर 16 से अधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

**एटीएम बदलकर खाते से उड़ा देते थे पैसा**

उप अधीक्षक नवेंदु कुमार ने बताया कि यह तीनों शातिर एटीएम बदलकर खाताधारकों के रुपए निकाल लेते थे। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया है कि हम ऐसे एटीएम की तलाश करते थे जहां सिक्योरिटी गार्ड तैनात नहीं होते थे। सिक्योरिटी गार्ड के न होने से हमारा काम आसान हो जाता था। हम ऐसे लोगों को अपना शिकार बनाते थे जो ज्यादा पढ़े लिखे ना हों। मदद के नाम पर हम धीरे से व्यक्ति का एटीएम बदल लेते थे और जब वह हमारे एटीएम से पैसे निकालने की कोशिश करता और पिन डालता था तो हम उसी समय उसका पिन याद कर लेते थे। एटीएम मिलने के बाद हमारा काम आसान हो जाता था।

**अलग अलग प्रदेशों में जाकर निकालते थे पैसा**

एटीएम मिलने के बाद हम उस एटीएम से पैसा दूसरे राज्यों में जाकर निकालते थे। गिरफ्तार शातिरों ने बताया कि 9 जनवरी को उरुवा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से हमने कार्ड बदलकर 5000 रुपए निकाले थे। इन रुपयों को आपस में बांट लिया था। उसी एटीएम से गैपुरा चौराहे पर स्थित स्टेट बैंक के एटीएम से पैसे निकालने आए थे तभी एसटीएफ ने हमें दबोच लिया। पहली बार हमने दूसरे राज्य में न जाकर गलती की और पकड़े गए। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बतायाक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में जाकर एटीएम कार्ड बदलकर अब तक कई लाख रुपये की ठगी कर चुके हैं।

# मेजा में ठंड लगने से किसान की मौत

## सिंचाई करते बेहोश होकर खेत में गिर गया था किसान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मेजा कोतवाली क्षेत्र के परानीपुर इलाके ठंड लगने से किसान की मौत हो गई। किसान सोमवार की रात खेत में बोई गेहूं की फसल की सिंचाई करने गए था। उनका बेटा भी साथ था। बेटे का कहना है कि वह अलाव जलाने के लिए बोले, फिर बेहोश हो गए।मामसा मेजा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत परानीपुर (बिसेनपुर) गांव का है। यहीं के रहने वाले नानकउ भारतीय (54) बीती रात अपने बेटे प्रदीप कुमार के साथ खेत में बोई गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए गए थे। सिंचाई के दौरान खेत में उन्हें ठंड लग गई। इससे वह जोर जोर से कांपने लगे और बेटे प्रदीप से अलाव जलाने की बात कही।

**पुलिस को सूचना दिए बिना किया अंतिम संस्कार**

बेटा अलाव जलाने के लिए लड़की और उपली लाने के लिए घर चला गया। इस दौरान उनकी ठंड से मौत हो गई। थोड़ी देर बाद बेटा अलाव की व्यवस्था करके खेत में पहुचां तो पिता बेहोश पड़े मिले। इसके बाद पिता की मौत की जानकारी हो सकी। रोने की आवाज सुनकर आस पास के लोग भी आ गए। इसकी जानकारी परिजनों को दी गई। फिलहाल बिना पुलिस को सूचित किए बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।ठंड से हुई किसान की मौत को लेकर स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों में चर्चा रही कि स्थानीय प्रशासन ने अभी तक क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था नहीं की है। उत्तर भारत में पारा लगातार लुढ़क रहा है। ऐसे में लोगों को जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग क्षेत्रीय प्रशासन से उचित व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

# पांचवे दिन पकड़ा गया उमा का हत्यारा पति, साहब हमने हत्या नहीं की!

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** गंगानगर के नवाबगंज में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों मृत पाई गई। विवाहिता उमा देवी की हत्या में पुलिसने पति को गिरफ्तार कर लिया है। मायके पक्ष की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी।नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकरी गांव निवासी पंचम लाल उर्फ कौशल की छह साल पहले क्षेत्र के नरहा झिंगहा गांव निवासी उमा देवी के साथ बड़े धूमधाम से शादी हुई थी। पंचम लाल खेती किसानी करता है। पंचम और उमा के दो बच्चे हुए। जिसमें 4 साल का बेटा और ढाई साल की बेटी है। शादी के बाद से ही घर में कला रहती थी। मायके पक्ष का आरोप है कि पंचम उमा को आए दिन मारता पीटता रहता था। जिसकी वह अपने मायके में शिकायत भी करती थी। बृहस्पतिवार को भी घर में कुछ विवाद हुआ था। जिसमें उमा के साथ मारपीट की गई थी। शुक्रवार को दोपहर बाद मायके वालों को सूचना दी गई कि उमा की ठंड लगने की वजह से मौत हो गई है। जब मायके वाले पहुंचे तो देखा कि उमा के गले पर निशान था। शरीर पर भी चोट दिख रहे थे। जिसके आधार पर पिता ने गला घोट कर हत्या करने का आरोप लगाया था।

**पुलिस ने दहेज हत्या का किया था मुकदमा दर्ज**

पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को आरोपी कौशल और पंचम लाल को पेट्रोल पंप टिकरी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बयान दिया है कि दोनो के बीच विवाद होता था। हालाकि हत्या से उसने इनकार किया है।



# मेले में ड्यूटी से गायब हुए तो होगी कार्रवाई

**प्रयागराज।** माघ मेले में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने के लिए महानिदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) डॉ. लिली सिंह आज मंगलवार को मेला क्षेत्र में पहुंची थीं। यहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और डाक्टरों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि माघ मेला में जिन डॉक्टरों या कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह पूरी ईमानदारी से यहां पर कार्य करें। श्रद्धालुओं की सेहत का विशेष ध्यान रखें। यदि कोई डाक्टर या कर्मचारी मेले से ड्यूटी छोड़कर गायब हुआ तो उसके खिलाफ विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी दी।उन्होंने मेले में अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर वहां की व्यवस्था देखी। संगम नोज पर बनाए गए अस्थाई फर्स्ट एड पोस्ट, काली रोड पर बने 20 बेड के त्रिवेणी हास्पिटल और कोविड हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया।

**भर्ती मरीजों से लिया फीडबैक :** त्रिवेणी हॉस्पिटल का निरीक्षण करते समय महानिदेशक द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। यहां अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। अस्पताल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के पश्चात शिविर कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मुख्य स्नान पर्व पर समस्त डॉक्टर एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य हो। प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशा सोनकर, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके तिवारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रावेन्द्र सिंह, डॉ. बीएन गुप्ता, डॉ. महानंद यादव, डॉ. आनंद सिंह एवं अन्य रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अल्हवा विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज

### टेण्डर/नोटिस

मनरेगा योजनाअन्तर्गत निम्न परियोजनाओं के निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री, गिट्टी, पत्थर, बोल्डर, सीमेंट, आदि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु 1 लाख रूपये की अधिक लगभग अनुमानित लागत 14 लाख से अधिक की सामग्री का कोटेशन अधिकृत पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन आदि हो। मुहर बन्द निविदा /टेण्डर दिनांक 10 जनवरी 2023 से 21 जनवरी 2023 तक ग्राम सचिवालय भवन अल्हवा के कार्यालय पर टेण्डर बॉक्स में आमंत्रित किये जाते हैं। जो दिनांक 23 जनवरी 2023 को अपराह्न 2 बजे कोटेशन टेण्डर दाता के उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी। निविदा प्रपत्र 10 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक प्रात: 10 बजे से 2 बजे दिन तक किसी भी समय अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। धनराशि/शुल्क के रूप में ग्राम पंचायत– अल्हवा, ब्लाक –कोरांव, प्रयागराज के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | कार्यस्थल का विवरण | सामग्री का नाम | लागत लाख में | टेण्डर कोटेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अल्हवा | मनरेगा | ग्राम पंचायत अल्हवा की भूखण्ड संख्या 755 पर पार्क का निर्माण | सीमेंट, बालू, ईट, इण्टरलाकिंग, जीएसबी, सीमेंटेड पीलर, जाली, लाल ईट, गिट्टी, इत्यादि प्रयोगार्थ सामग्री | 14.32 लाख | टेण्डर |

अहद अहमद सिद्दीकी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत अल्हवा
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

अरविंद कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत अल्हवा
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2022-23/दिनांक 09.01.2023

## एमडीपीजी कालेज में विषम सेमेस्टर परीक्षाएं आज

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 11 जनवरी से होंगी। एमडीपीजी कॉलेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षाएं 9.30 से 11.30 तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षाएं एक बजे से तीन बजे तक होंगी। इस परीक्षा में छात्रों के लिए स्वकेंद्र प्रणाली समाप्त की गई है। छात्रों को अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देनी होगी जबकि छात्राओं को परीक्षा केंद्र बने महाविद्यालयों पर स्वकेंद्र प्रणाली का लाभ मिलेगा। एमडीपीजी कॉलेज को 10 महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। एमडीपीजी कॉलेज के छात्रों की परीक्षा पीबीपीजी कॉलेज में जबकि पीबीपीजी कॉलेज के छात्रों की परीक्षा एमडीपीजी कॉलेज में होगी। छात्राओं की परीक्षा स्व केंद्र पर ही होगी।

# गांवों में व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग लोगों द्वारा शत प्रतिशत कराएं: डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने पिछली बैठक की कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की।

डीपीआरओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत फेज-2 में ओडीएफ प्लस हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में गंगा किनारे अवस्थित ग्राम/ग्राम पंचायतों को ठोस, द्रव अपशिष्ट प्रबन्धक एसएलडब्ल्यूएम की कार्ययोजना के सम्बन्ध में बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत गंगा किनारे अवस्थित 18 ग्राम पंचायतों का डीपीआर तैयार कर पीआरडी पोर्टल पर अपलोड किये जाने के निर्देश दिये गये है तत्क्रम में पूर्व में ही 02 ग्रामों हथिगंवा एवं मोहद्दीनगर उपरहार का डीपीआर तैयार कर स्वीकृति कराया जा चुका है एवं ग्रामों में धनराशि भी आवंटन किया जा चुका है जिसमें कार्य प्रगति पर है। ग्राम पंचायत चैकापारपुर नगर पंचायत में समाहित हो गयी है। शेष 15 गंगा ग्राम के डीपीआर तैयार किया जा चुका है। गंगा किनारे के 15 ग्राम पंचायतों में आवंटित धनराशि के सम्बन्ध में डीपीआरओ ने बताया कि एसबीएम से आवंटित धनराशि 19346509 रुपए, वित्त आयोग से आवंटित धनराशि 11091169 रुपए तथा मनरेगा से आवंटित धनराशि 50412290 रुपए है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्ययोजना के अनुसार गंगा के किनारे के गांवों में आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग लोगों द्वारा शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये, जो भी व्यक्ति शौचालय का प्रयोग नही कर रहे है, खुले में शौच जा रहे है उन पर जुमार्ना लगाया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित खण्ड विकास अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला स्वच्छता समिति की बैठक करते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते राजा अनिल प्रताप सिंह।

## सूबे के मुखिया से मिले राजा अनिल प्रताप

### जिले के विकास कार्यों पर की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सिटी किले के राजा अनिल प्रताप सिंह ने शुभेक्षा मुलाकात की। सूबे के मुखिया ने राजा अनिल से जिले की राजनीति के साथ विकास कार्यों पर भी चर्चा की। बता दें कि वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह भारतीय जनता पार्टी को मजबूती देने में अपना योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाजपा के साथ अनुषांगिक संगठनों के कार्यक्रम में उनका सदैव योगदान रहता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री ने राजा साहब से हालचाल जाना। राजा अनिल प्रताप सिंह के अनुसार प्रदेश में योगी के नेतृत्व में लोग निर्भीकता से अपना कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में अमन चैन है। सरकार द्वारा चलाई गई संपूर्ण योजनाएं जरूरतमंद तक पहुंच रही हैं। यह सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। राजा अनिल ने कहा कि पूरी दुनिया के उद्योगपति अब देश की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार में देश के साथ हमारे उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाकर देश के विकास में सहयोग करने को इच्छुक हो रहे हैं। सही मायने में इस समय देश एवं हमारे उत्तर प्रदेश में भय मुक्त वातावरण है। यही भाजपा सरकार के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## मान्यता, प्रायोगिक परीक्षाएं व परीक्षाएं सभी हुई आनलाइन

### सीबीएसई के सभी 40 स्कूल कालेजों के प्रधानाचार्य व आईटी प्रमुखों की हुई कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड के निदेर्शानुसार जनपद के 40 मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और उनके आई टी स्टाफ की एक कार्यशाला का आयोजन न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल में किया गया जिसका विषय इन्टीग्रेटेड पेमेन्ट सिस्टम आफ सी बी एस ई रहा जिसमें सभी कालेजों का प्रतिनिधित्व रहा।

न्यू एंजिल्स के फिजिक्स प्रवक्ता आर.के.सिंह ने सबका स्वागत किया और मीटिंग की कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिये सी बी एस ई स्कूल्स के कोआर्डिनेटर प्रधानाचार्य संगम इण्टरनेशनल स्कूल संजय शर्मा को मंच पर आमंत्रित किया। उन्होने सीबीएसई की इस पहल की घोर प्रशंसा की और बताया कि समय समय पर हमारे विद्यालय जो परीक्षाएं कराते हैं चाहे वो थ्योरी परीक्षा हो या प्रैक्टिकल उसके भुगतान के लिये विद्यालय के प्रधानाचार्यों एवं अध्यापकों को ढ़ेर सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और लम्बी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था उस पारिश्रमिक मिलने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिये सीबीएसई ने एक नया साफ्ट वेयर इन्ट्रोड्यूस किया जिससे आप का आवेदन होते ही पेमेन्ट आपके खाते में आ जाएगा। मुख्य वक्ता, न्यू एन्जिल्स के प्रधानाचार्य और सी बी एस ई के रिसोर्स परसन बी के सोनी ने इन्टीग्रेटेड पेमेन्ट सिस्टम के बारे में विस्तार से समझाया और बताया कि मान्यता, प्रायोगिक परीक्षा व अन्य परीक्षाओं में होने वाले भुगतान पूर्णतया आनलाइन हो गये हैं। कार्यशाला में आए हुए सभी लोगों के द्वारा पूछे गये प्रश्नो का भी समाधान उनके द्वारा किया गया जिससे आगामी परीक्षाओं में पारिश्रमिक मिलने में सुविधा हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए एंजिल्स स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने कहा कि यह नई पहल सभी स्कूलों के लिये लाभकारी होगी। इससे प्रधानाचार्यों को परशान नहीं होना पडेगा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य बी. के.सोनी ने आये हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया



एंजिल्स स्कूल में आयोजित कार्यशाला में जुटे प्रधानाचार्यगण।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का कराएं निस्तारण

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी 2023 के सम्बन्ध में जनपद न्यायालय के सभागार कक्ष में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में समस्त न्यायिक मजिस्टेªट न्यायालय के साथ बैठक नोडल अधिकारी लोक अदालत आलोक द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न की हुई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने सभी न्यायिक अधिकारियों से अपेक्षा करते हुये कहा कि सभी न्यायिक अधिकारी अपने न्यायालय से अधिक से अधिक मामलें चिन्हित करें ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जा सके। बैठक में समस्त न्यायिक मजिस्टेªट उपस्थित रहे।

## रामपुर खास में सड़कों की मरम्मत के लिए मिली करोड़ों की मिली धनराशि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रयास से रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में चैदह प्रमुख सड़को के विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण के लिए करोड़ो की सौगात मिली है। विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से शासन मे दिये गये प्रस्ताव के तहत रामपुर खास मे इन चैदह मार्गो के विशेष मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए तेईस करोड नवासी लाख पचपन हजार रुपए की धनराशि आवंटित हुई।

शासन के उप सचिव राजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रदेश के लोक निर्माण विभाग को सात जनवरी को निर्गत किये गये शासनादेश के तहत अब लालगंज-मंझनपुर वाया

### विशेष मरम्मत होने से लोगों को मिलेगी सुविधा

संग्रामगढ़ मार्ग के लिए चार करोड बीस लाख उन्तीस हजार तथा सांगीपुर अन्तू मार्ग के लिए इक्यान्वे लाख छाछठ हजार रुपए, लालगंज-कालाकांकर वाया संग्रामगढ़ मार्ग के लिए सरसठ लाख छियासी हजार रुपए, हरनाहर झींगुर मार्ग के लिए एक करोड़ इक्यावन लाख रुपए, नसीरपुर से रेहुआ लालगंज वाया मंगापुर मार्ग के लिए तीन करोड तिरपन लाख बासठ हजार रुपए, मंगापुर रेहुआ लालगंज लखहरा मार्ग के लिए पन्चान्वे लाख सैतीस हजार रुपए, मंगापुर रेवली मार्ग पर पचासी लाख इक्तालिस हजार रुपए, रामपुर बावली-वीरशाहपुर वाया रायपुर तियांई कैथौला मार्ग के लिए तीन करोड उन्सठ लाख उन्हत्तर हजार रुपए, काशीपुर भटनी संपर्क मार्ग के लिए पचास लाख पन्द्रह हजार रुपए, दीवानगंज सांगीपुर मार्ग से शुकुलपुर से पूरे पण्डित वाया भगौरा संपर्क मार्ग के लिए एक करोड बाइस लाख निन्नायवे हजार रुपए, संग्रामगढ़ से पिचूरा मार्ग वाया मोठिन हरनाहर खण्डवा बेलहा मेढ़ावा गोडवा मार्ग के लिए दो करोड अस्सी लाख सोलह हजार रुपए, रायबरेली जौनपुर हाइवे से सांगीपुर राहाटीकर वाया कौशिल्यापुर मधुकरपुर अगई बेवली मार्ग के लिए एक करोड छान्नवे लाख रुपए, लवाना कैथौला मार्ग से तरैंया भरतपुर धनापुर मार्ग के लिए उन्सठ लाख चैरासी हजार रुपए, आहरबीहर से पूरे भोजई वाया सेमरा मार्ग के लिए पचपन लाख अडतालिस हजार रुपए की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

## एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर वकीलों ने अदालतों का किया बहिष्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम के तबादले की मांग पर अड़े वकीलो ने मंगलवार को छठवें दिन एसडीएम कोर्ट के साथ तहसील की सभी अदालतो मे न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया।

वकीलों ने साफ ऐलान किया है कि एसडीएम सौम्य मिश्र का तबादला न होने तक उनका आंदोलन और तेजी से जारी दिखेगा। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में संघ के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिला मुख्यालय पर जूनियर बार एसोशिएसन के

### आंदोलन तेज किये जाने का किया ऐलान

पदाधिकारियों से मुलाकात कर तहसील के वकीलो की मांग को लेकर समर्थन मांगा।

वकीलों ने सुबह बैठक कर एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर मंगलवार से सभी अदालतो मे न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। अधिवक्ताओ ने यह भी तय किया कि एसडीएम सौम्य मिश्र को यदि जिला प्रशासन ने हठवादिता के चलते यहां से नही हटाया तो दीवानी अदालत मे भी अधिवक्ता कामकाज से विरत होने को बाध्य होगे। इस मौके पर देवी प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, संदीप सिंह, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, प्रदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, केबी सिंह, टीपी यादव, दीपेन्द्र तिवारी, सुमित तिवारी, सुरेश मिश्र मदन, शिव नारायण शुक्ल, धीरेन्द्र मिश्र, हेमंत पाण्डेय, संजय सिंह, अनूप पाण्डेय, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, सतेश सिंह, रामलगन यादव, घनश्याम मिश्र, विनय शुक्ल, शिवप्रसाद यादव, दिनेश मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

## इस भीषण ठंड में भी दिन रात सफाई में लगे हैं नपा कर्मी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भीषण कोहरा व ठंड के बीच नगर पालिका के सफाई कर्मचारी प्रातः छह बजे से ही शहर के सफाई कार्य में जुट जाते हैं। प्रातःकाल टहलने वाले लोग प्रायः इन सफाई कर्मचारियों को सड़क व नाली साफ करते देखने पर कहते हैं कि शायद कर्मचारियों को इस भीषण ठंड की कोई परवाह नहीं है।

इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह के निर्देषन पर प्रातः छह बजे से लेकर दो बजे तक प्रत्येक वार्ड में सड़क व नालियों की सफाई की जा रही है। प्रमुख सड़कों के लिये रात में भी सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। सबसे खास बात यह है कि इस भीषण ठंड में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी शहर को साफ सुथरा रखने के लिये दिन रात काम कर रहे हैं। मंगलवार को प्रातः से ही सफाई कर्मचारियों ने सियाराम कालोनी में नाली से निकले सिल्ट को हटाकर विधिवत सड़क साफ-सुथरा किया। बता दें कि सियाराम कालोनी विस्तारित क्षेत्र में आता है लेकिन यहां पर इंटरलाकिंग सड़क व नाली का नया निर्माण भी किया गया और अब सफाई पर भी विषेष ध्यान दिया जा रहा है।

### सियाराम कालोनी में प्रातः बेला से ही शुरू हो गई थी सफाई



सड़क का कूड़ा उठाते सफाई कर्मचारी।

### 62 स्थानों पर नगर पालिका ने जलवाये अलाव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विगत दस दिनों से पड़ रही भयंकर ठंड में नगर पालिका ने अब 60 से अधिक स्थलों पर लकड़ी के कुण्दे गिराकर अलाव जलवा रही है। जगह-जगह अलाव जलने से लोग इस भीषण ठंड में अलाव का लाभ अधिक ले रहे हैं। नगर पालिका ने इसकी सूची जारी की है जिसमें नगर पालिका के प्रायः सभी वार्डों के अलावा रेलवे स्टेषन, चैक, भंगवा चुंगी, अम्बेडकर चैराहा, जिला अस्पताल, सदर मोड़, चिलबिला तिराहा, महुली व जिला कचहरी व दीवानी नियमित रुप से अलाव जलाये जा रहे हैं।

## विश्व हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

### सम्मान समारोह भी किया गया आयोजित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि हिंदी वैश्वीकरण के दौर की सबसे सशक्त भाषा है। वैश्विक पटल पर हिंदी का बढ़ता गौरव बेहद सुखद है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि हिंदी हिंद की ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व की शान है।हमें हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि आनंद मोहन ओझा ने कहा कि हिंदी जैसी माधुर्य एवं भावयुक्त भाषा विश्व में कोई दूसरी नहीं है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम,श्रीनाथ मौर्य सरस,अमरनाथ गुप्ता बेजोड़, राधेश्याम दीवाना, कुंजबिहारी काकाश्री एवं अनिल कुमार निलय द्वारा काव्यपाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ द्वारा वंशीधर शुक्ल साहित्य सम्मान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में अवधी कविता संग्रह खेत खरिहान के रचयिता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ०दयाराम मौर्य रत्न का सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी साहित्यकारों ने एक स्वर में हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने की मांग की।



सम्मान समारोह में मौजूद अतिथिगण।

## सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी वर्ष 2022-23 का वार्षिक निरीक्षण आज विद्यालय की समस्त गतिविधियों कार्यालय प्रबंध समिति मातृ भारती शिशु भारती आचार्य बैठक संस्कार केंद्र आदि का अवलोकन प्रत्यक्ष वार्ता आचार्य को माइक्रो टीचिंग विद्यालय के कार्यालय अर्थात आय व्यय शिशु लेखा आचार्य लेखा आदि का अवलोकन सूक्ष्मता से करने के लिए प्रांत द्वारा नियुक्त श्री वेदप्रकाश शुक्ल प्रधानाचार्य तुलसी पुर वाराणसी ज्योति रेखा जी सामने घाट वाराणसी पूर्व में नियोजित किए गए थे। भैया बहिनों के अवकाश पर होने के कारण आचार्य दीदियों को ही भैया बहिन मानकर शिक्षण कार्य को सम्पन्न किया गया मातृ भारती की अध्यक्षा बहिन नेहा तिवारी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी उपस्थित रही प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोशनलाल ने निरीक्षकों से वार्ता कर विद्यालय के निरीक्षण के बारे में जानकारी ली। प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय निरीक्षकों का स्वागत एवम परिचय कराया।

## टीबी मुक्त किये जाने के अभियान को लेकर हुआ सर्वे

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांवों को टीबी मुक्त किये जाने के अभियान के तहत मंगलवार को सब नेशनल सर्टिफिकेटेशन सर्वे के तहत सीएचसी सांगीपुर के अंतर्गत चयनित गांव पूरे भगवत अठेहा मे अचानक टीम पहुंची। टीम ने यहां चल रहे डोर टू डोर सर्वे की हकीकत खंगाली। टीम ने भ्रमण के दौरान गांव मे मौजूद टीबी यूनिट सांगीपुर के इंचार्ज अनुभव शुक्ला और उनकी टीम के सर्वेयर आनंद कुशवाहा व प्रेमचंद्र चैरसिया को सर्वे को पूरी ईमानदारी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। स्टेट लेवल की टीम के अधिकारियों ने सर्वे कार्य मे लगे स्वास्थ्यकर्मियों को आगाह किया कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण के जरिए सर्वे की प्रमाणिकता की जांच जारी रहेगी। स्टेट लेवल की टीम मे डा. श्रीकान्त रेड्डी तथा वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के कंसल्टेंट डा. कारथी विजय के साथ डीपीसी हेमंत शुक्ला भी मौजूद रहे।

## पशुशाला में लगी आग से जलकर मरी भैंस और बकरी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से पशुशाला में आग लगने से उसमें बांधी गई एक भैंस तथा एक बकरी जलकर मर गई । शोर मचाने पर ग्रामीण आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग से पूरा छप्पर जलकर खाक हो गया और उसमें बांधी गई भैंस और बकरी जलकर मर गई। पट्टी तहसील क्षेत्र के फतेहपुर गांव के रहने वाले राम कैलाश पुत्र राम अवतार घर के बगल ही अपनी पशुशाला बना रखी है जिसमें वह एक भैंस और बकरी बांधते थे। मंगलवार की सुबह भोर में लगभग 4 बजे अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लग गई।

आग की लपटें देखकर राम कैलाश उठा और शोर मचाया तो ग्रामीण हाथ में बाल्टी तथा लाठी डंडा लेकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आज तब तक आग ने पशुशाला के छप्पर को अपने आगोश में ले लिया और पशुशाला में बांधी गई एक भैंस तथा बकरी जलकर मर गई इस संबंध में हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचकर पशुशाला का मुआयना किया। पशुशाला में लगी हुई आग को मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बुझाने की भरपूर कोशिश किया पशुशाला में बंधी हुई भैंस और बकरी की रस्सी को काटने के लिए मौके पर कोई कुल्हाड़ी या धारदार हथियार नहीं मिला नहीं तो उसकी जान बच सकती थी।

## रोजगार सेवक को लाठी-डंडों से पीटकर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ड्यूटी पर जा रहे हैं रोजगार सेवक को पुरानी रंजिश की वजह से पड़ोसियों ने रोककर लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा तथा सरकारी कागजात फाड़ दिया ।पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव के रहने वाले ओमप्रकाश ने बताया कि वह रोजगार सेवक है। मंगलवार की सुबह 10 बजे का अपने काम से कार्यालय जा रहा था तभी घात लगाकर बैठे उसके आधा दर्जन पड़ोसियों ने रास्ता रोक लिया तथा लाठी-डंडों से हमला बोल दिया उसकी गाड़ी की डिग्गी में रखा हुआ सरकारी कागजात भी फाड़ दिया पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### 2 दिन बंद रहेंगे कक्षा 8 तक के समस्त विद्यालय

**कौशांबी।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार ने जानकारी दी है कि डीएम के निर्देश के बाद कक्षा 8 तक के समस्त बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त सहायता प्राप्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को 10 जनवरी और 11 जनवरी को पूरी तरह से बंद करने का निर्देश दिया गया है जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अधिक ठंड पड़ने शीतलहर के चलते विद्यालयों को बंद करने का निर्णय लिया गया है

### राष्ट्रीय लोक अदालत का 11 फरवरी को होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में दिनांक 11 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना, बैंक वसूली, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेवर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# प्रेमी से विवाद के बाद फंदे से लटकती मिली महिला की लाश

## पति से विवाद के बाद ससुराल छोड़कर मायके में रहती थी महिला

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के मीरन पर मजरा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकती लाश मिली है महिला की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि पति से विवाद होने के बाद महिला ससुराल छोड़कर मायके में रह रही थी और एक चर्चित व्यक्ति से महिला के प्रेमा लाप की कहानी जन-जन की जुबान में है कुछ दिनों पहले प्रेमी से भी महिला का विवाद हुआ था महिला की किन परिस्थितियों में मौत हुई है यह बड़ी जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के मजरा मीरन पर निवासी सीमा देवी उम्र लगभग



30 वर्ष पुत्री ईंघे की शादी के कुछ दिन बाद पति से विवाद हो गया पति से विवाद के बाद महिला मायके में आकर रहने लगी थी इलाके के चर्चित व्यक्ति से महिला के प्रेम प्रपंच की चर्चा जन-जन की जुबान में थी अक्सर प्रेमी के साथ महिला को मिलते लोग देखते थे प्रेमी से संबंध के चलते महिला का अपने पति से भी विवाद हुआ था जिससे महिला को ससुराल छोड़कर मायके में रहना पड़ा मंगलवार की शाम लगभग 4:00 बजे आमजन में चर्चा बनी की महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है महिला की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई लेकिन घटनास्थल पर किसी भी व्यक्ति को कमरे के अंदर नहीं जाने दिया गया घटनास्थल को पूरी तरह से जैसे अधिग्रहण कर लिया गया था जिससे महिला की मौत कैसे हुई है इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकती है सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला की मौत के पीछे तमाम अनसुलझे सवाल छूट गए हैं जिन पर पुलिस को गहनता से जांच किए जाने की जरूरत है आखिर घटनास्थल पर लोगों को जाने से क्यों रोका जा रहा है महिला की मौत के बाद वहां क्या रहस्य बरकरार है कौन से ऐसे साक्ष्य मौके पर मौजूद है जिन्हें पुलिस आम जनमानस से दूर रखना चाहती है यह तमाम बिंदु महिला की आत्महत्या पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

### रोजगार मेले में 55 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन अधिकारी ने बताया है कि आज जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक-10 जनवरी को विकास खण्ड कौशाम्बी के ए0आर0के0 कॉलेज, चौपुरवा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेल में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों यथा-एमएनसीएस क्रेडिट एण्ड डाटा सॉल्यूषन, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्ब्स, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट तथा जी-4 सिक्योरिटी आदि ने प्रतिभाग करते हुए कुल 55 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस रोजगार मेले में कुल 85 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

# दवा करवाने जा रहे अधेड़ की सड़क किनारे मौत

## भतीजे के साथ बस से बीमार अधेड़ जा रहा था इलाज कराने प्रयागराज



अधेड़ की मौत के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

**अझुवा कौशाम्बी।** फतेहपुर जिले का एक अधेड़ बस से इलाज कराने प्रयागराज जा रहा था सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग निकट हनुमान मंदिर के पास अधेड़ की ठंड लगने से मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार सिधान उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र गिरधारी निवासी मुन्ना का पुरवा छीमी पुरइन जिला फतेहपुर अपने भतीजे के साथ दवा इलाज के लिए बस से प्रयागराज जा रहा था अझुवा के निकट अधेड़ की स्थिति गम्भीर हो गयी भतीजे ने बस रुकवाकर स्थानीय डॉक्टरों से इलाज करवाना चाहा किंतु बस से उतारते ही अधेड़ की मौत हो गयी सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने जांच कर परिजनों को खबर दी है मृतक के परिजन मौके पर पहुंचकर शव को साधन द्वारा घर ले गए है वहीं लोगो के अनुसार अधेड़ की मौत ठंड लगने से हुई है।

# भरवारी वासियों को नए वर्ष में जल्द मिलेगी परिवहन विभाग की सौगात

## युद्ध स्तर पर किया जा रहा है कार्य संभवता अप्रैल या मई में जनपद वासियों को मिल जाएगी बसो की सुविधा

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** चायल विधानसभा के तत्कालीन विधायक संजय गुप्ता के सौजन्य से जनपद वासियों को एक और नया बस अड्डा नए वर्ष मैं तोहफा के रूप में मिलने जा रहा है जिससे न केवल भरवारी नगर पालिका वासियों को ही नही अपितु जनपद कौशांबी वासियों को भी काफी दूर तक सफर करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। यह तोहफा नए वर्ष के अप्रैल मई के माह में बनकर तैयार हो जायगा परिवहन विभाग के इस भवन के निर्माण में करोड़ों रुपए की लागत से भवन बनाया जा



निर्माणाधीन रोडवेज भवन

रहा है जिसके लिए पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता के अथक प्रयास से जनपद एवम भरवारी वासियों के लिए बड़े तोहफा से यह कम नहीं है हालाकि यह भवन अगले वर्ष ही परिवहन विभाग को सुपुर्द किया जाना था परंतु विलम्ब होने के चलते अब यह वर्ष 2023 के अप्रैल मई में बस अड्डा सुचारू रूप से संचालन किया जाना है भवन का निर्माण कर रहें एक आधिकारी ने बताया कि भवन बनकर तैयार हो चुका है अब सिर्फ अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है जिसके बाद ठेकेदार रोडवेज परिवहन विभाग को शीघ्र ही भवन सौप देगे इस परिवहन विभाग का डिपो बन जाने से कौशांबी सहित सभी प्रदेश को जाने वालीं सभी बसों का संचालन भी शुरू हो जायगा।

# अधजली महिला के लाश की पुलिस ने की शिनाख्त

**संदीपन घाट थाना क्षेत्र में 3 दिन पहले बोरे में भरी मिली थी महिला की अधजली लाश**

**कौशाम्बी।** दिनांक 07.01.2023 को समय करीब 08.30 बजे सुबह बदनपुर घाट पर एक अज्ञात महिला का अधजला शव प्राप्त हुआ था अज्ञात अधजले शव की शिनाख्त व सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक कौशांबी द्वारा एक टीम क्षेत्राधिकारी चायल के नेतृत्व में गठित की गई ।गठित टीम द्वारा सार्थक प्रयास किया गया एवं शव का शिनाख्त श्रीमती अंगी देवी उम्र लगभग 80 वर्ष पत्नी स्व0 बचान निवासिनी काजू चरवा जनपद कौशाम्बी के रूप मे हुई है मृतक महिला अपने दामाद शीतला पंडा निवासी ग्राम अमनी लोकीपुर थाना संदीपन घाट जनपद कौशाम्बी के यहां निवास कर रही थी। जांच मे प्रथम दृष्ट्या परिजनों द्वारा बताया गया कि अंगी देवी काफी वृद्ध थीं,तथा चलने फिरने मे असमर्थ थी। दिनांक 06.01.2023 को रात्रि मे सोते समय चारपायी के नीचे बोरसी मे आग रखकर वह सो रही थी । जिसे उनके द्वारा सर्दी के मौसम मे प्रयोग किया जा रहे विस्तर मे आग लगने से जल गयी व मृत्यु हो गयी परिजनों को जानकारी होने पर पुलिस के डर से बीरू पुत्र शीतला पंडा निवासी अमनी लोकीपुर व मृतका का पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम काजू थाना चरवा द्वारा मृतका अंगी देवी पत्नी स्व0 बचान के अधजली शव को बोरी मे रखकर अपने मोपेड मोटर साईकिल से ले जाकर बदनपुर घाट थाना संदीपनघाट पर फेक दिया पुलिस अधीक्षक का कहना है कि घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्यों को फील्ड यूनिट द्वारा इक्ठ्ठा किया गया व परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को न देने, शव छिपाने एवं अधजली लाश को बोरे में लेकर जाने के कारणों के संबंध मे विस्तृत विवेचना की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, शव के पोस्टमार्टम एवं विवेचना से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## न्यूज झरोखा

### हांड कपाने वाली ठंड में ग्राम प्रधान ने गरीबों को दिया कम्बल



**बैरमपुर कौशाम्बी।** हांड कपाने वाली कड़ाके की ठंड में कांप रहे लोगो को राहत देने के उद्देश्य से सोमवार को ग्राम प्रधान योगेन्द्र त्रिपाठी के द्वारा ग्राम सभा डाहराई खरौना गाँव में ठंड से बचाव हेतु 50 गरीबों को कम्बल दिया गया है सोमवार की सुबह ग्राम प्रधान गरीबों के घर पहुंचे और गरीबों को कम्बल ओढ़ाया है हांड कपाने वाली कंपकपाती ठंड के बीच गरीब ग्रामीणों को जैसे ही प्रधान के द्वारा कम्बल मिला जरूरतमंदों ने ठंड से राहत महसूस किया है और ग्राम प्रधान के इस नेक कार्य की सराहना की है कम्बल वितरण के दौरान अशोक मिश्र भगौती पाल रामसेवक पाल नरेन्द गर्ग शम्भु पान्डे हंसराज विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### ग्राम सभा में ग्राम प्रधान ने जलवाया अलाव



**कौशाम्बी।** 4 दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है शीतलहर और हांड कपाने वाली ठंड के चलते लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है सुबह से देर शाम तक आसमान में कोहरा छाया रहता है शीतलहर के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है 2 दिन बाद मंगलवार को दोपहर में सूर्य नारायण के दर्शन हुए हैं हल्की धूप होने के बाद लोगों ने कुछ राहत महसूस की है मूरतगंज बिकास खण्ड अंतर्गत ग्राम सभा समसपुर में ग्राम प्रधान ने कई जगह अलाव जलवाया है। चार दिन से हांड कपाने वाली कड़के की ठंड शीतलहर को देखते हुए समसपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष कुमार पांडेय ने ग्राम सभा समसपुर गांव के कई स्थानों पर अलाव जलवाया है अलाव जलाने से ग्रामीणों ने राहत महसूस की है बताते चले कि शुक्रवार से समसपुर ग्राम में जगह जगह अलाव की व्यवस्था कराई गई है।

### रहस्यमय परिस्थितियों में 80 साल का बृद्ध गायब




**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर शाह का पूरा निवासी राम खेलावन उम्र लगभग 80 वर्ष पुत्र धम्मू 3/1/23 को घर से अचानक लापता हो गए है वह चलने फिरने में असमर्थ थे और अचानक घर से लापता होने के बाद तमाम तरह की चर्चाएं गांव में शुरू हो गई है वृद्ध के लापता होने के मामले को थाना पुलिस को गंभीरता से लेते हुए वृद्ध को खोजने और लापता के कारण की जांच कराए जाने की जरूरत है परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दिया है लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद गायब वृद्ध का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है जिससे किसी अनहोनी की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### तमंचा लहरा कर लेडीडॉन बनने में लगी युवती तक नहीं पहुँचे पुलिस के हाथ



**कोखराज कौशाम्बी।** जिले में इन दिनों एक युवती की चर्चा बड़ी तेजी से हो रही है जो खुलेआम हाथ में तमंचा लेकर लहराते हुए फिल्मी स्टाइल में गाना गुनगुना रही है फिल्मी हीरोइन की तर्ज पर युवती लेडीडॉन बनने की राह में चल पड़ी है आखिर युवती के पास अवैध तमंचा कहां से आया है तमंचा सप्लायर कौन है और अवैध तमंचा लेकर युवती आगे कौन सी अपराधिक घटनाओं को अंजाम देना चाहती है यह तमाम सवाल पुलिस की जांच का बड़ा बिंदु हो सकता है लेकिन महीनों से सोशल मीडिया में युवती की फोटो वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवती के हाथ में तमंचा लहराने के मामले को गंभीरता से नहीं लिया है अवैध तमंचा लेकर खुला प्रदर्शन करने वाली युवती की लंबी प्रेम कहानी बताई जाती है पूर्व में अपने प्रेमी के विरुद्ध कौशांबी के एक पुलिस थाने में युवती ने मुकदमा भी दर्ज कराया था हमेशा सुर्खियों में रहने वाली गैर जनपद की इस युवती के कारनामे को पुलिस को गंभीरता से लेते हुए जांच करा कर अवैध असलहा का प्रदर्शन करने के मामले में युवती से अवैध असलहा बरामद करते हुए युवती पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने की जरूरत है वरना कभी भी बड़ी घटना घटित होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# कई दिन बीते चोरी की घटना के खुलासे में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी पुलिस



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी के आसपास एक सप्ताह पूर्व 4 दुकानों में ताला तोड़कर बेखौफ चोर लाखों का सामान ले गए थे मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल का पुलिस आला अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया था और चोरी की घटना का शीघ्र खुलासे का आश्वासन पुलिस अधिकारियों ने दिया था घटना को एक सप्ताह बीत चुके हैं लेकिन पुलिस चौकी के बगल में चार दुकानों से हुई लाखो चोरी की घटना में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है इसी पुलिस चौकी क्षेत्र में पूर्व के 3 महीने के बीच दर्जनों घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखों का सामान चोर उठा ले जाने में सफल हुए हैं पूर्व की कई घटनाओं का भी महीनों बीत जाने के बाद पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है चौकी पुलिस की लापरवाही से इलाके के लोगों में भय के साथ पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है बताते चलें कि टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व अमित कुमार जायसवाल की दुकान मनमोहन प्रजापति की दुकान सुशील केसरवानी की दुकान और सूर्या ऑनलाइन केंद्र मोबाइल सेंटर की दुकान में ताला तोड़कर लाखों का सामान चोर उठा ले गए थे चंद मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी होने के बाद बेखौफ चोरों के घटनाओं को अंजाम देने के बाद चौकी पुलिस की शिथिलता उजागर हुई है चोरी की घटनाओं को ना रोक पाने वाले और घटनाओं का खुलासा ना कर पाने वाले चौकी पुलिस पर भी लापरवाही के बाद अभी तक आला अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की है इलाके के लोगों ने चौकी पुलिस को निलंबित करते हुए घटनाओं के खुलासे की मांग पुलिस आला अधिकारियों से की है।

### फसलों के नुकसान का स्थलीय जायजा लेंगे अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी बुधवार को अपने कार्यकताओं के साथ जिले की नहरों के कटान से फसलों को हुए नुकसान का स्थलीय जायजा लेंगे। अजय सोनी ने बताया कि नहरों के कटने से तमाम खेतों में भर गया है जिससे तमाम किसानो को भारी नुकसान हुआ है। किसानों हुए के नुकसान की भरपाई के लिए किसानो को मुआवजा दिलाने हेतु आंदोलन किया जाएगा। बताया कि नहरों की सफाई में की गई मनमानी और लापरवाही के चलते नहरें कटी हैं जिससे तमाम किसानो का भारी नुकसान हुआ है। इसकी शिकायत शासन स्तर पर की जायेगी और दोषी लोगों के ऊपर कार्यवाही कराई जायेगी।

### दो ट्रैक्टर से पहिया व बैटरी चोरी

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के गौहानी कला गांव में एक रात दो ट्रैक्टर को चोरों ने निशाना बनाया है पप्पू कुशवाहा के ट्रैक्टर की दोनों पहिया चोर खेल ले गए हैं और दिलीप कुशवाहा के ट्रैक्टर की बैटरी भी चोर खोल ले गए हैं दोनों घटनाओं की जानकारी भुक्तभोगी परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी है इसके पहले भी इलाके में कई घटनाएं हो चुकी हैं जिनका खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

# धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने एक बार फिर लहराया परचम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कौन कहता हैं कि आसमान में सुराख नही होता हैं,कभी तबियत से एक पत्थर उछाल के तो देखो जी, हाँ इसी युक्ति को ग्रामीण आंचल से जुड़े हुये 2 छात्र छात्राओं ने चरितार्थ किया है जिसमे की छात्र अमित कुमार कुशवाहा जिनके पिता अर्जुन लाल मौर्य एक साधारण सी बर्तन की दुकान चलातें हैं जिन्होंने अपने बालक के सपनो को पूरा करने के लिये अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया छात्र अमित कुशवाहा जनपद कौशाम्बी के अलीपुर जीता के निवासी है अमित कुशवाहा की कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा-दीक्षा धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी से हुयी इसके बाद इन्होने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इंजीनियरिंग की संयुक्त प्रवेश परीक्षा JEE-MAINS को उत्तीर्ण करके देश के प्रतिष्ठित



वैष्णवी अग्रहरि



अमित कुशवाहा

इंजीनियरिंग कॉलेज भारतीय सूचना प्रौघोगिकी संस्थान राँची में अपना प्रवेश प्राप्त कर जनपद एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी क्रम में छात्रा वैष्णवी अग्रहरी जिनके पिता धर्मेन्द्र कुमार जो कि पेशे से एक अध्यापक है छात्रा जनपद फतेहपुर के खखरेरू की निवासी है छात्रा की कक्षा 11 एवं 12 की शिक्षा-दीक्षा धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी से हुयी हैं छात्रा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विज्ञान एवं चिकित्सा की सर्वश्रेष्ठ डिग्री ट.इ.इ.र,लखनऊ में दाखिला लियो छात्र/छात्राओं की इस उपलब्धि का सुखद समाचार जब विद्यालय परिवार को मिला तो पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्रों की इस सफलता पर `विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 रामकिरण त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को शुभकामनाएँ दी।

# ग्राम सभा की जांच के दौरान प्रधान के आधा दर्जन गुर्गों ने शिकायतकर्ता पर किया हमला

**प्रधान की दबंगई के चलते बिना जांच पूरी किए जांच अधिकारी को गांव से लौटना पड़ा वापस**

**करारी कौशांबी।** बढ़ते भ्रष्टाचार के बीच अधिकारियों से शिकायत करने के बाद जांच कराया जाना शिकायतकर्ता को महंगा पड़ गया है दबंग ग्राम प्रधान ने अपने आधा दर्जन गुर्गों के साथ मिलकर जांच अधिकारी के सामने शिकायतकर्ता पर जमकर हमला किया है शिकायतकर्ता को बेरहमी से पीटा गया है जिससे शिकायतकर्ता को चोटें आई हैं जांच के दौरान शिकायतकर्ता को पीट दिए जाने के बाद जांच प्रभावित हो गई और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में की गई हेराफेरी की जांच पूरी नहीं हो सकी है भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच को रोकने का यह ग्राम प्रधान का प्रयास है क्या आला अधिकारी ग्राम प्रधान के इस कृत्य को गंभीरता से लेकर प्रधान पर कार्यवाही करेंगे या भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे ग्राम प्रधान का वर्चस्व इसी तरह चलता रहेगा और सरकारी खजाने में ग्राम प्रधान लूट मचाते रहेंगे यह योगी सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं मंझनपुर ब्लॉक के नेवारी निवासी सुषमा मौर्य ने पुलिस में लिखित शिकायत करते हुए अधिकारियों से बताया कि ग्राम सभा के विकास कार्यों में हुए घोटाले का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी जांच में पहुंचे एडीओ पंचायत मंझनपुर ने जब जांच शुरू की इसी दौरान प्रधान वा प्रधान के गुर्गे बाबूलाल पुत्र महावीर ,विश्वनाथ पुत्र रामफल ,अमित कुमार पुत्र विश्वनाथ ,बिंदेश्वरी पुत्र राम दुलारे, गुलाब पुत्र जीते पासी वहा मौजूद थे गांव के सफाई कर्मी से पंचायत सदस्य अभिलाष पुत्र पंचम लाल व कुश प्रसाद को बुलवाया गया आरोप है कि जब वह मौके पर पहुंचे तो प्रधान के इशारे पर मार पीट किया गया आरोपी गण पहले से ही घात लगाए बैठे थे



हमले के बाद थाने पहुंचे ग्रामीण

और तैयार गुर्गे ने मारपीट शुरू कर दिया और मार पीट के बाद प्रधान ने ही सियासत वस फसाने के लिए हंड्रेड डायल को बुलाकर अभिलाष को ही थाने में बंद करा दिया। पंचम लाल ने लिखित शिकायत देते हुए प्रधान वा प्रधान के गुर्गों के ऊपर करवाई की मांग किया ।विवाद बढ़ता देख एडीओ पंचायत वहां से वापस चले गए जिससे गांव के भ्रष्टाचार की जांच पूरी नहीं हो सकी है मारपीट के बाद दर्जनों लोग करारी थाने पहुंचे हैं दबंग प्रधान और उनके आधा दर्जन गुर्गों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# बिना हैंडपंप रिबोर और मरम्मत कराए खजाने से निकाल लिया 5 लाख रुपए से अधिक की रकम

## चायल विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठरा में फल फूल रहे भ्रष्टाचार पर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी से खड़े हो रहे तमाम सवाल



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है खंड विकास अधिकारी चायल एडीओ पंचायत चाहिए से लेकर जिले के अफसर तक ग्राम पंचायतों के भ्रष्टाचार पर चुप्पी साध कर बैठे हैं जिससे तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं बीते कई महीनों से बिना कार्य कराएं फर्जी बिल वाउचर के सहारे सरकारी खजाने से लाखों की रकम निकालने की परंपरा शुरू हो गयी है जो बंद होती नहीं दिख रही है अधिकारी शिकायती पत्र का इंतजार कर रहे हैं और पंचायत सचिव से लेकर ग्राम प्रधान सरकारी खजाने की रकम फर्जी बिल वाउचर के सहारे निकालकर मालामाल हो रहे हैं ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है लेकिन आला अधिकारी गंभीर होते नहीं दिख रहे हैं जिससे योगी का सरकारी खजाना पंचायत के जिम्मेदार बेखौफ तरीके से लूट रहे हैं तमाम ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार के कारनामों के बाद इन दिनों चायल विकासखंड क्षेत्र के कठरा ग्राम पंचायत में बड़े भ्रष्टाचार की चर्चा तेजी से है। चायल विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठरा में नाली खड़ंजा सीसी रोड पंचायत भवन के नाम पर तमाम धांधली किए जाने के बाद बार-बार ग्रामीणों ने शिकायत अधिकारियों से की लेकिन जांच के नाम पर खजाना लूटने वाले पंचायत सचिव को जिम्मेदारी सौंप दी जाती है जिससे निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है बताते चलें कि ग्राम पंचायत का कठरा में हैंडपंप मेंटेनेंस के नाम पर 1 लाख 60 हजार रुपए की रकम एक बार निकाली गई फिर हैंडपंप रिबोर के नाम पर 1 लाख 50 हजार रुपए की रकम बिना कार्य कराए निकाल ली गयी इसके बाद फिर सरकारी खजाने से हैंडपंप रिबोर के नाम पर 2 लाख 53 हजार रुपए से अधिक की रकम निकाल ली गई तीन बार में साढ़े पांच लाख रुपए से अधिक की रकम निकाल लिए जाने के बाद गांव के हैंडपंप की ना तो मरम्मत हो सकी है ना ही रिबोर कराया गया है पानी के लिए ग्रामीण परेशान हैं अभिलेखों में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर दिखाकर के फर्जी बिल वाउचर के सहारे साढ़े पांच लाख रुपए से अधिक की रकम ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की साठगांठ से निकालने के बाद यह दोनों अपने मकसद में सफल होते दिख रहे हैं। फर्जी बिल बाउचर के सहारे निकाली गई लाखो की रकम में एडीओ पंचायत चायल और खंड विकास अधिकारी चायल हिस्सा वसूली तक सीमित रह गए हैं अब सवाल उठता है कि बेखौफ तरीके से ग्राम पंचायत को लूटने वाले पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार पर खंड विकास अधिकारी चायल और एडीओ पंचायत चायल मूकदर्शक बनकर उनका समर्थन कर रहे हैं आखिर क्यों यह आला अधिकारी उनका समर्थन कर रहे हैं इनके कमीशन खोरी में कितनी हिस्सेदारी है यह जन-जन की जुबान में है लेकिन खुलेआम पनप रहे भ्रष्टाचार और फर्जी बिल बाउचर के सहारे सरकारी रकम निकाले जाने के मामले में आला अधिकारी भी गंभीर होते नहीं दिख रहे हैं फर्जी बिल वाउचर के सहारे सरकारी खजाने से रकम निकाले जाने के मामले में पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के साथ-साथ एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी पर मुकदमा दर्ज कराकर इनकी गिरफ्तारी कराए जाने की जरूरत महसूस हो रही है वरना ग्राम पंचायतों की स्थिति और दयनीय हो जाएगी जिस तरह से इन दिनों परंपरा चल रही है इस पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो बिना विकास कराएं सरकारी खजाना भी खाली हो जाएगा।

संपादकीय

# सरकार की हेराफेरी, जनगणना में देरी

डॉ सत्यवान सौरभ

**जनगणना** देश की जनसंख्या के आकार, वितरण और सामाजिक-आर्थिक, जनसांख्यिकीय और अन्य विशेषताओं के बारे में जानकारी प्रदान करती है। जनगणना पहली बार 1872 में ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड मेयो के तहत शुरू की गई थी। इसने समुदाय में सुधार के क्षेत्रों के उत्थान के लिए नई नीतियों, सरकारी कार्यक्रमों को तैयार करने में मदद की। भारत में पहली समकालिक जनगणना 1881 में हुई थी। तब से, हर दस साल में एक बार निर्बाध रूप से जनगणना की जाती रही है। भारत में एक शताब्दी से भी अधिक समय से प्रत्येक 10 वर्षों में एक राष्ट्रीय जनगणना कराने की परंपरा रही है। यह दुनिया के उन गिने-चुने देशों में से एक है, जो न केवल विकासशील देशों में से एक है, जिसने इस पवित्र परंपरा को कायम रखा है और बनाए रखा है। भारत की जनगणना के आंकड़ों का उपयोग करते हुए अनुसंधान ने हजारों डॉक्टरेट, ऐतिहासिक नीतियों (भूल और सफलता दोनों) में नई अंतर्दृष्टि प्रदान की है, विभिन्न क्षेत्रों और क्षेत्रों में सहायता की है, इसके अलावा जनगणना के आंकड़ों ने राष्ट्र का एक विश्वसनीय आर्थिक इतिहास भी प्रदान किया है। दशकीय जनगणना न केवल जनसंख्या, घरों और परिवार की इकाइयों में वृद्धि दर्ज करती है, बल्कि आयु, साक्षरता, प्रजनन क्षमता और प्रवासन के वितरण पर विस्तृत जानकारी भी देती है। दशकीय जनगणना कराने की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तहत भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त के कार्यालय की है। जनगणना जानकारी के सबसे विश्वसनीय स्त्रोतों में से एक है जैसे आर्थिक गतिविधि, साक्षरता और शिक्षा, आवास और घरेलू सुविधाएं, शहरीकरण, प्रजनन क्षमता और मृत्यु दर, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति। भारत की पहली जनगणना 1872 में आयोजित की गई थी, जो देश के विभिन्न हिस्सों में गैर-समकालिक रूप से आयोजित की गई थी। उसके बाद, भारत ने 1881 से 2011 तक नियमित रूप से अपनी दशकीय जनगणना की। जनगणना के बारे में संविधान क्या कहता है? निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए जनगणना डेटा का उपयोग होगा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की मात्रा निर्धारित करने के लिए इस्तेमाल। इसमें यह नहीं बताया गया है कि जनगणना की आवधिकता क्या होनी चाहिए। जनगणना अधिनियम, 1948 जनगणना से संबंधित कई गतिविधियों के लिए इसकी आवधिकता के बारे में कुछ भी उल्लेख किए बिना कानूनी पृष्ठभूमि प्रदान करता है। यह कहता हैः "केंद्र सरकार जनगणना करने के अपने इरादे की घोषणा कर सकती है, जब भी वह ऐसा करना आवश्यक या वांछनीय समझती है, और उसके बाद जनगणना की जाएगी"। जनगणना देश के हर गांव और कस्बे के लिए जनसंख्या डेटा प्रदान कर सकती है। नमूना सर्वेक्षण केवल उच्च भौगोलिक स्तरों पर सामाजिक और जनसांख्यिकीय संकेतकों पर विश्वसनीय डेटा प्रदान कर सकते हैं। जनगणना जनसंख्या विशेषताओं, आवास और सुविधाओं पर डेटा प्रदान करती रही है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग संसद, राज्य विधानसभाओं, स्थानीय निकायों और सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या निर्धारित करने के लिए किया जाता है। सर्वेक्षणों का उपयोग यह पता लगाने के लिए किया जा सकता है कि कितने गाँवों में साक्षरता दर 75% से कम है या किन तहसीलों में लोगों को संरक्षित जल आपूर्ति का प्रतिशत कम है। पंचायतों और नगर निकायों के मामले में, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों का आरक्षण जनसंख्या में उनके अनुपात पर आधारित है। कोई अन्य स्रोत नहीं है जो यह जानकारी प्रदान कर सके। जनगणना में देरी का मतलब है कि 2011 की जनगणना के डेटा का इस्तेमाल जारी रहेगा। पिछले दशक में जनसंख्या की संरचना में तेजी से परिवर्तन के बावजूद इसका मतलब है कि या तो बहुत अधिक या बहुत कम सीटें आरक्षित की जा रही हैं। जनसंख्या का ग्रामीण-शहरी वितरण पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बदल रहा है। उदाहरण के लिए महामारी के परिणामस्वरूप वयस्कों और वृद्धों की मृत्यु बच्चों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक हुई। यह मौतों की संख्या का अप्रत्यक्ष अनुमान देगा। इसमें प्रत्येक भारतीय की गिनती करने का वादा है। एक जनगणना तब होती है जब राज्य प्रत्येक व्यक्ति से जुड़ता है और डेटा को छुपाना या छिपाना मुश्किल होगा। उम्र, लिंग, आर्थिक स्थिति, धर्म और बोली जाने वाली भाषाओं का पता लगाने से दूसरे क्रम की जानकारी मिलती है, यह निष्कर्षों का खजाना है और योजना बनाने और समस्याओं को हल करने और कमियों को ठीक करने के लिए मार्ग प्रदान करता है। लिंग अनुपात में तेज गिरावट (1961 और 1971 की जनगणना के बीच) ने भारतीयों को सचेत किया कि कैसे पूर्व और प्रसवोत्तर कारक 'पुत्र पूर्वाग्रह' को दर्शा रहे थे और लोगों को जन्म और अजन्मी लड़कियों की हत्या करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। भारत को प्रवासियों के बारे में सटीक जानकारी की सख्त जरूरत है। जनगणना में एक प्रवासी को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है जो जन्म स्थान से भिन्न स्थान पर काम करता है। कितने प्रवासी हैं? कितने मौसमी और कितने दीर्घकालीन? कोविड लॉकडाउन ने उन लाखों (या शायद करोड़ों) लोगों को उजागर किया जो प्रवासी शहरी श्रमिक थे और जिन्हें पैदल ही अपने गाँव वापस जाने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। केवल एक उचित और अद्यतन जनगणना ही सही प्रवासी तस्वीर पर प्रकाश डाल सकती है। सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का आकलन है। प्रधानमंत्री आवास (आवास) योजना की क्या स्थिति है? स्वच्छ भारत के तहत बने कितने शौचालय काम कर रहे हैं? घरों में पाइप जलापूर्ति की स्थिति क्या है? जब हम जनगणना के बारीक आंकड़ों का विश्लेषण करते हैं तो ऐसे हजारों सवालों के जवाब मिल सकते हैं।

# बढ़ते सड़क हादसों की चुनौतियां कब तक?

ललित गर्ग

**सड़क** एवं राजमार्ग परिवहन मंत्रालय द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह को प्रतिवर्ष 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाया जाता है, जिसके माध्यम से नागरिकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाता है। भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है। परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य ह्यदुर्घटना से देर भलीह्न पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए।

दुनिया की जानी-मानी पत्रिका ह्यद लांसेटह्न में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खुनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं। भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती है, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन बड़ा प्रश्न है कि दुर्घटनाएं रोकने के गंभीर एवं प्रभावी उपाय अब तक क्यों नहीं किए जा सके हैं? जो भी हो, सवाल यह भी है कि इस तरह की तेज रफ्तार सड़कों पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सचाई यह भी है कि पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग शुमार है। परिवहन मंत्रालय की यह जानकारी हतप्रभ करने वाली है कि देश में प्रतिदिन करीब 415 लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। कोई भी अनुमान लगा सकता है कि एक वर्ष में यह संख्या कहां तक पहुंच जाती होगी? इसका कोई मतलब नहीं कि प्रति वर्ष लगभग डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में जान से हाथ धो बैठें। इन त्रासद आंकड़ों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया कि आधुनिक और बेहतरीन सुविधा की सड़के केवल रफ्तार एवं सुविधा के लिहाज से जरूरी हैं या फिर उन पर सफर का सुरक्षित होना पहले सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

ह्यदुर्घटनाह्न एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं, खूनी होते हैं। खूनी सड़कों में सबसे शीर्ष पर है यमुना एक्सप्रेस-वे। इस पर होने वाले जानलेवा सड़क हादसे कब थमेंगे? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस पर होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यही नहीं, देश की अन्य सड़के इसी तरह इंसानों को निगल रही है, मौत का ग्रास बना रही है। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत यही बताती है कि अपने देश की सड़कें कितनी अधिक जोखिम भरी हो गई हैं। बड़ा प्रश्न है कि फिर मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? सच यह है कि बेलगाम वाहनों की वजह से सड़कें अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुकी हैं। सड़क पर तेज गति से चलते वाहन एक तरह से हत्या के हथियार होते जा रहे हैं वहीं सुविधा की सड़के खूनी मौतों की त्रासद गवाही बनती जा रही है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब मार्ग दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। कुशल ड्राइवरों की कमी को देखते हुए ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल खोलने की तैयारी सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ करना होगा। हमारी ट्रेफिक पुलिस एवं उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी एक बड़ी विडम्बना है कि कोई भी ट्रेफिक पुलिस अधिकारी चालान काटने का काम तो बड़ा लगन एवं तन्मयता से करता है, उससे भी अधिक रिश्वत लेने का काम पूरी जिम्मेदारी से करता है, प्रधानमंत्रीजी के तमाम भ्रष्टाचार एवं रिश्वत विरोधी बयानों एवं संकल्पों के यह विभाग धडल्ले से रिश्वत वसूली करता है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों को कोई प्रशिक्षण या सीख दी हो, नजर नहीं आता। यह स्थिति दुर्घटनाओं के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। जरूरत है सड़कों के किनारे अतिक्रमण को दूर करने की, आवारा पशुओं के प्रवेश एवं बेघड़क घुमने को भी रोकने की। ये दोनों ही स्थितियां सड़क हादसों का कारण बनती है। यह भी समझने की जरूरत है कि सड़क किनारे बसे गांवों से होने वाला हर तरह का बेरोक-टोक आवागमन भी जोखिम बढ़ाने का काम करता है। इस स्थिति से हर कोई परिचित है, लेकिन ऐसे उपाय नहीं किए जा रहे, जिससे कम से कम राजमार्ग तो अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात से बचे रहें। इसमें संदेह है कि उलटी दिशा में वाहन चलाने, लेन की परवाह न करने और मनचाहे तरीके से ओवरटेक करने जैसी समस्याओं का समाधान केवल सड़क जागरूकता अभियान चलाकर किया जा सकता है। इन समस्याओं का समाधान तो तब होगा जब सुगम यातायात के लिए चौकसी बढ़ाई जाएगी और लापरवाही का परिचय देने अथवा जोखिम मोल लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, चालान काटना या नये-नये जुमार्ने की व्यवस्था करने से सड़क दुर्घटनाएं रूकने वाली नहीं है। यह ठीक नहीं कि जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला कायम रहने के बाद भी राजमार्गों पर सीसीटीवी और पुलिस की प्रभावी उपस्थिति नहीं दिखती।

अध्ययन में यह तथ्य भी उभर कर सामने आया कि सड़कों पर वाहनों की गति की जांच और लगाम लगाने के लिए जरूरी कदम उठाने से भारत में बीस हजार से ज्यादा लोगों की जान बच सकती है। वहीं केवल हेलमेट पहनने को लोग अपने लिए अनिवार्य मानने लगें और यातायात महकमे की ओर से इस नियम का पालन सुनिश्चित किया जाए तो इससे पांच हजार छह सौ तिरासी जिंदगी बचाई जा सकती है। इसी तरह, वाहनों में बैठ कर सफर करने वाले लोगों के बीच सीट बेल्ट के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर तीन हजार से अधिक लोगों को मरने से बचाया जा सकता है। इसके अलावा, शराब पीकर वाहन चलाने की वजह से सड़क हादसों की कैसी तस्वीर बनती है, यह किसी से छिपा नहीं है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं फैशन का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती या फैशन है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है?



यहां तक कि जो न्यायाधीश हिंदी व अन्य भारतीय भाषाएं जानते हैं वे भी अपीलीय मामलों की सुनवाई में दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद कराते हैं। आमजन के लिए न्याय की भाषा कौन-सी हो, इसका सबक भारत और भारतीय न्यायालयों को अबू धाबी से लेने की जरूरत है। संयुक्त अरब अमारात याने दुबई और अबूधाबी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अरबी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को अपनी अदालतों में तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल कर लिया है। वहां के जनजीवन में हिन्दी का सर्वाधिक प्रचलन है

# सर्च इंजन चैट जीपीटी का करिए स्वागत

डॉ. अजय कुमार मिश्रा

**तकनीकी** की इस दुनियां में दिन प्रतिदिन नये विकल्प लोगों को मिलने दशकों पहले शुरू हो गए थे और लोगों की सोच से भी आगे जाकर के कुछ नया कर रहें है` इनकी वजह से वैश्विक जानकारी महज एक क्लिक पर देश के किसी भी कोने पर प्राप्त की जा सकती है इनके प्रचार प्रसार में तेजी से वृद्धि इसलिए भी संभव हो पाई है की आज इन्टरनेट की पहुँच लगभग हर घर तक हो गयी है और इस पहुँच को साकार करने में कोरोना ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है जब दुनियां भर में लोग घरों में सिमट कर रह गए थे तो इन्टरनेट ने ही कई बातों को साकार कर जरुरतो को पूरा करने का कार्य किया था यह तकनीकी ही है जो इन्सान को उन्नति के द्वार तक ले जा रही है हालाँकि इसकी आलोचनाओं से भी जानकारियां भरी पड़ी है पर मूर्तरूप में साकार स्थान तकनीकी ने ले लिया है जिसे चाह कर या न चाहतें हुए भी लोगों को इससे जुड़ना पड़ रहा है इस लेख में ऐसी ही तकनीकी की चर्चा होगी जो न केवल परम्परा से हटकर है बल्कि अपने मौजूदा स्वरुप से सभी को अचंभित भी किया है आज से 29 वर्ष पहले जनवरी 1994 में तकनीकी के नए स्वरुप का जन्म हुआ था जिसे याहू सर्च इंजन के नाम से जाना जाता है लोगों में यह कौतुहल का विषय बना और प्रमुख रूप से लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध भी हुआ था पर इसकी एक खामी थी की इसके द्वारा प्राप्त सर्च परिणाम सीमित होते थे वजह तकनीकी के परिवर्तन के साथ अपने आप को अपडेट न करना था इसी कड़ी में आज से 24 वर्ष पहले सितम्बर 1998 में गूगल का पदार्पण हुआ जो न केवल नयी तकनीकी से लैस था बल्कि याहू की कमियों को भी पूरा कर रहा था यह सर्च इंजन एलोग्रिथम के साथ सुसज्जित है और चंद सेकेंडो में अनेकों परिणाम प्रदान कर रहा है इसके अतिरिक्त गूगल के अनेकों एप्लीकेशन है जो लोगों की जरूरतों को पूरा कर रहें है पर गूगल से प्राप्त परिणाम में एक खामी यह भी देखने को मिली की सर्च से प्राप्त परिणाम सही है या गलत यह यूजर की अपनी बौद्धिक क्षमता पर निर्भर करता है क्योंकि अनेकों परिणामों में से सही परिणाम चुनना अपने आप में कठिन कार्य है नवम्बर 2022 में एक नए सर्च इंजन का अवतरण हुआ जो अपने आगमन के पश्चात से ही दुनियां भर में चर्चा का विषय बना हुआ है इसका नाम है चैट जीपीटी, अनेकों विद्वानों का यह भी मानना है की चैट जीपीटी गूगल को भी मात दे सकता है इसकी खास बात यह है की यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से लैस एक रोबोटिक तकनिकी है, बहुत सारे चैट बोट के जरिये सटीक परिणाम देता है यह आपके सर्च का परिणाम लिखकर बताती है यानि की आपको सही परिणाम सभी परिणामों में से खोजने की जरूरत नहीं है महज 40 दिनों से भी कम समय में दुनियां भर में इसके 20 मिलियन से अधिक यूजर इसका लाभ ले रहें है इसकी अधिकारिक वेबसाइट है - ँ३३स्त्र२ः//ूँ३.ङ्क्षस्त्रील्ल्रं.ङ्के/ वर्तमान समय में यह अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है पर जल्द अन्य भाषाओँ को इसमें शामिल किया जायेगा सैम अल्टमन नाम के व्यक्ति के द्वारा एलन मस्क के साथ मिलकरके वर्ष 2015 में चैट जीपीटी की स्टार्टिंग की गई और जब इसकी शुरूआत की गई थी तब यह एक नॉनप्रॉफिट कंपनी थी परन्तु दो वर्ष पश्चात एलेन मस्क ने इससे अपने आप को अलग कर लिया नए सहयोगी के रूप में बिल गेट्स की कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट ने इसमें बडी धनराशी का निवेश किया पिछले वर्ष 30 नवंबर 2022 को इसे एक प्रोटोटाइप के तौर पर लांच किया गया है चैट जीपीटी सबसे अलग इसलिए भी है कि आप जो सवाल यहाँ पर पूछ्तें है उसके जवाब के रूप में ढेरों सर्च रिजल्ट के बजाय आपको विस्तार से आर्टिकल के रूप में परिणाम प्राप्त होता है जो आपको परिणाम से सहमत या असहमत होने की प्रतिक्रिया भी पूछता है चैट बोट के जरिये कंटेंट तैयार करके प्राप्त होते है साथ ही प्राप्त परिणाम रियल टाइम होते है यह पूर्णतः निःशुल्क है आप इसकी सहायता से अनेकों कार्य कर सकतें है मसलन इसकी सहायता से बायोग्राफी, एप्लीकेशन, निबंध इत्यादि चीजें भी लिखकर तैयार कर सकते है जिस तरह से इसमें अनेकों विशेषताएं है कुछ खामिया भी है जैसे यह अभी अंग्रेजी भाषा के लिए ही उपलब्ध है अभी भी आपके कई प्रश्नों का जवाब इसके पास नहीं है एक निश्चित अवधि के पश्चात की घटना इसमें रिकार्डेड नहीं है हालाँकि अभी यह फ्री है पर कुछ समय पश्चात इसमें सामान्य शुल्क यूजर से लिया जा सकता है इसका उपयोग करने के लिए इसकी वेबसाइट को ओपन करने के पश्चात आपको अपना अकाउंट बनाना होता है उसके पश्चात उस अकाउंट से लॉग इन करके आप इसका प्रयोग कर सकतें है जिस तरह से तकनिकी का विस्तार हम सभी के जीवन में हो रहा है उसके सकारात्मक प्रभाव के साथ-साथ कई नकारात्मक प्रभाव भी पड़ रहें है उनमे से सबसे महत्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव है सोचने समझने और तर्क करने की शक्ति का क्षीण होना पर विवशता यह है की आधुनीकारण की इस दुनियां में जहाँ वैश्विक जानकारी पलक झपकतें ही आपके लिए अति आवश्यक हो गयी है और प्राप्त करने की बाध्यता बन चुका है ऐसे में कुछ खोना शायद मायने अब कम रखने लगा है कम मेहनत में अधिक और सटीक परिणाम सभी की आवश्यकता बन गया है शायद इसीलिए आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस आपको हर तरफ दिखाई देने लगा है सर्च इंजन से लेकर बड़े बड़े अस्पतालों, व्यवसायों में इसका भरपूर उपयोग हो रहा है चैट जीपीटी की नवीनतम स्वरुप निसंदेह आम लोगों के लिए उपयोगी है और स्वागत योग्य इसलिए है की इससे परिणाम लिखित प्राप्त हो रहे है और प्राप्त परिणाम से संतुष्ट न होने पर आप अपनी राय भी दे सकतें है याहू, गूगल और अब चैट जीपीटी जैसी तकनीकी बिना किसी भेदभाव के सभी के जीवन का अहम् हिस्सा बन चुकी है और हम सभी को ताज्जुब नहीं होगा की भविष्य में कुछ और ऐसी तकनीकी आये जो हम सबको न केवल आश्चर्य कर दे बल्कि जीवन के लिए अनिवार्य अंग भी हो जाय, क्योंकि आगामी दौर तकनीकी के नए स्वरूपों का है जहाँ मानवीय हस्तक्षेप स्वतः शून्य हो जायेगा मशीने और रोबोट सभी तरफ दिखाई देगी तो देर किस बात की स्वागत करिए तकनीकी के नए स्वरुप चैट जीपीटी का।

# जोशीमठ को बचाने के लिए देश खड़ा हो

आर.के. सिन्हा

**देवभूमि** के जोशीमठ में तेजी से जमीन धंसने की खबरों को देख-सुनकर सारे देश का चिंतित होना स्वाभाविक है। जोशीमठ में अफरा-तफरी का माहौल है। दरारों से भरी हुई सड़कें और मकान भय और आतंक दोनों उत्पन्न करते हैं। इस समय सारा देश जोशीमठ और उत्तराखंड की जनता के साथ खड़ा दिख रहा है। जोशीमठ शहर पर जमीन में समाने का खतरा लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है। इस पूरे क्षेत्र को 'सिंकिंग जोन' करार दिया गया है। तेजी से बदलते हालात की वजह से आपदा प्रभावित इलाकों में रहने वाले हजारों परिवारों को पुनर्वास केंद्रों में ले जाया जा रहा है। अब जोशीमठ में ताजा स्थिति के लिए पर्यटन, अवैध निर्माण और सुरंगों और बांधों का निर्माण बताया जा रहा है। कहने वाले तो यह भी कह रहे हैं कि अनियंत्रित भवन निर्माण को देख भूकम्प भी जोशीमठ को घूर रहा है। इसलिए जोशीमठ का अस्तित्व खत्म होता नजर आ रहा है। वहां पर जमीन के अंदर भारी भरकम सुरंग तो खोद दिए गए, लेकिन राज्य के पर्यावरण की अनदेखी की गई। जोशीमठ मे भयावह स्थिति के चलते स्थानीय जनता की आंखों में सिर्फ आंसू के अलावा कुछ नहीं है। जीवन भर की कमाई से मकान बनाने वालों को अपनी आंखों के सामने उनको जमींदोज होता देखना पड़ रहा है।

जोशीमठ ग्लेशियर के मलवे पर बसा शहर है, जिसकी जमीन बहुत मजबूत नहीं है। इस बात का उल्लेख 50 साल पहले की एक रिपोर्ट में किया भी गया था। इस रिपोर्ट में अनियोजित विकास के खतरों को रेखांकित करते हुए चेतावनी दी गई थी कि जोशीमठ में छेड़खानी के परिणाम भारी पड़ सकते हैं। रिपोर्ट में जड़ से जुड़ी चट्टानों, पत्थरों को बिल्कुल भी न छेड़ने के लिए कहा गया था। वहीं यहां हो रहे निर्माण को भी सीमित दायरे में समेटने की सलाह की गई थी। पर इन सिफारिशों को अनदेखा किया गया। इसके बाद और भी अध्ययनों में भी ऐसी ही बातें सामने आईं कि इस पहाड़ी इलाके में विकास के नाम पर चल रही बड़ी परियोजनाएं आखिरकार तबाही का कारण बन सकती हैं।

उत्तराखंड को देवभूमि कहते हुए यहां धार्मिक गतिविधियों को बढ़ाने की योजनाएं बनाई गईं। धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन बढ़ाकर आर्थिक समृद्धि के सपने भी दिखाए गए। लेकिन, यह सब किस कीमत पर हासिल होगा, लगता है इस पर विचार नहीं किया गया। जोशीमठ एक प्राचीन शहर है। यहां 8वीं सदी में धर्मसुधारक आदि शंकराचार्य का प्रवास हुआ। फिलहाल चर्चा है कि वर्तमान संकट के लिए एनटीपीसी द्वारा बनाए जा रहे बिजली घर के अंडरग्राउंड टनल के निर्माण लिए विस्फोटकों का प्रयोग, जल विद्युत परियोजना के लिए अंधाधुंध खुदाई तथा नेशनल हाईवे बनाने के लिए अनियमित ढंग से जंगलों की कटाई है। देखिए, जो चौड़ी दरारें बद्रीनाथ में पड़ चुकी हैं जिनकी वजह से सड़कें और इमारतें धंसते जा रहे हैं। विशेषज्ञों की सलाह है कि अब बद्रीनाथ को बचाने के लिए भी भागीरथी प्रयास करने होंगे। भारत एक ऐसा देश है, जहां नौ महीने से अधिक समय तक सूर्य रहता है। जब हमारे पास अनगिनत सौर ऊर्जा परियोजनाएं हो सकती हैं तो जल विद्युत परियोजना की जरूरत ही क्यों है? हमें इस तरफ भी विचार करना होगा। जोशीमठ से बाहर रहने वाले लोग शायद वहां के लोगों का दर्द महसूस नहीं कर सकते। कैसी विडम्बना है, जब जल विद्युत परियोजनाएँ बनती हैं, ग्रामीणों के पुनर्वास के लिए बहुत सारे वादे किए जाते हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है। इस तबाही के लिए कौन जिम्मेदार है? अब इस दुर्घटना की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और पुनर्वास के साथ भारी भरकम मुआवजा भी दिया जाना चाहिए। यह याद रखना होगा कि प्रकृति का अपना स्वयं का स्वतंत्र धर्म एवं नियम है। प्रकृति से खिलवाड़ एवं उसका अतिक्रमण मनुष्य को बहुत ही भारी पड़ने वाला है। और यह सब मनुष्य को अपने आप को छद्म धार्मिक साबित करने के चलते हो रहा है क सदियों से जोशीमठ अस्तित्व में है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों तक वहां इतनी भीड़ भाड़ नहीं थी। जबसे समाज में पाखंड दिखावे और ढोंग का बोलबाला हुआ है, तब से कमोबेश सभी धार्मिक स्थलों का यही हाल है।

## यह टी-शर्ट क्या बला है

डॉ. सुरेश कुमार

**चाहे** दाल बनानी हो या फिर राजनीति करनी हो दोनों में छौंक लगाना जरूरी होता है। बिना छौंक के मजा किरकिरा हो जाता है। दाल की गुणवत्ता, बनाने का तरीका जितना मायने रखती है उतना ही राजनीति में आए दिन नई-नई कहानी, उसके दृश्य, उसके रोने-धोने वाले गाने, उसमें पहने जाने वाले कपड़े सभी कुछ मायने रखते हैं। आप सोच रहेंगे होंगे कि ये सब करने के लिए नेताओं की नहीं अभिनेताओं की आवश्यकता है। सच तो यह है कि नेता से बढ़कर दुनिया में कोई अभिनेता नहीं हो सकता। एक नेता जी हैं। टी-शर्ट पहनकर बदन जमा देने वाली ठंडी में घूम रहे हैं। उनके घूमने से कोई दिक्कत नहीं है। दिक्कत उनकी टी-शर्ट से है। टी-शर्ट न हुई कोई आठवाँ अजूबा हो गया। जहाँ देखो वहाँ उसी टी-शर्ट की चर्चा। इस टी-शर्ट के चक्कर में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, गिरता रुपया, बलात्कार, धार्मिक उन्माद न जाने कहाँ फुर्र हो गए पता ही नहीं चल रहा। मानो ये मुद्दे मुद्दे नहीं कबूतर हों जिसे किसी बहेलिए ने अच्छे दिन के नाम पर धर धबोच लिया हो। देश में अब कुछ नहीं बचा, केवल टी-शर्ट के मुद्दे को छोड़कर। कुछ को लगता है कि दो से तीन सेंटीग्रेड में भला कोई टी-शर्ट पहनकर कैसे घूम सकता है। टी-शर्ट, टी-शर्ट न हुआ बाजार चलता हाथी हो गया। चार अंधों के बीच जिसे जैसा लगा वैसा बता दिया। किसी को लगा हो न हो टी-शर्ट कपड़े का नहीं धातु का बना है। तो किसी को लगा इसमें कुछ जीवाणु हैं जो शीत शरीर में प्रवेश करने से रोकते हैं।

## फटाफट खबरें

### पांच से 12 तक चलेगा स्वच्छ ढाबा अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ ढाबा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद ने नगर क्षेत्र के ढाबा-रेस्टोरेन्ट पर स्वच्छता के मानकों को पूरा करने तथा प्रतिष्ठानों पर आने वाले ग्राहकों को जागरूक करने का प्रयास किया।

मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला व सुमित गुप्ता ने पांच से 12 जनवरी तक विशेष ढाबा अभियान के तहत ढाबों में साफ-सफाई, कूडे का विभाजन, शौचालय की सफाई एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाने पर जोर दिया। ढाबों में शासन से निर्देशित नियमानुसार बैनर लगाकर जनसहभागिता को प्रेरित किया।

टीम ने रिवर व्यू रेस्टोरेन्ट्स, राही पर्यटन रेस्टोरेन्ट, अन्नपूर्णा रेस्टोरेन्ट, श्रीजी रेस्टोरेन्ट, सीता रसोई, बिन्दीराम व शंकर ढाबा आदि प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर पंजीकृत किया। इन्हें आगामी दिनों में स्वच्छ रैंकिंग के आधार पर पुरस्कृत किया जायेगा।

### सडक सुरक्षा के प्रति छात्राओं ने किया जागरूक




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पांच जनवरी से चार फरवरी के तहत दुगार्दास के पुरवा में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीके चैधरी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत महाविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयों ने अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही हैं।

मंगलवार को दुगार्दास के पुरवा में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देखा जा रहा है कि यातायात नियमों की अनदेखी के चलते लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बेवजह काल के गाल में समा रहे हैं। इससे समाज को जन एव धन की हानि हो रही है। ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में प्रभाव पड़ेगा। लोग यातायात नियमों के प्रति सजग व जागरूक होंगे। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

कार्यक्रम में डॉ सीमा कुमारी, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ मुकेश कुमार, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला व एनएसएस के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान के बेटों से नौकरी लगवाने के नाम पर 7 लाख की ठगी, उत्तराखंड के 3 लोगों पर केस




**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के एक पूर्व प्रधान ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को दिए शिकायती पत्र में उत्तराखंड के तीन लोगों पर अपने बेटों को शिक्षा विभाग में टीचर की नौकरी लगवाने के नाम पर 7 लाख की ठगी का आरोप लगाया था। डीआईजी के आदेश पर ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम के पूर्व प्रधान राजपाल सिंह यादव ने दी तहरीर में बताया था कि उसके बेटे रावल यादव ने 7 अगस्त 2021 को टीजीटी की परीक्षा दी थी। जबकि दूसरे बेटे राविल ने यूपीएसआई की परीक्षा दी थी। पूर्व प्रधान के अनुसार उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के पैगा चौकी क्षेत्र के गांव बघेला वाला निवासी रूपेंद्र सिंह पुत्र लखविंदर सिंह, अमनदीप पुत्र तेजपाल निवासी रामपुर बलभद्र, थाना भगतपुर और मूलचंद पुत्र रामकिशोर निवासी श्याम नगर, थाना कुंडा उत्तराखंड राजपाल यादव के पास आए और कहने लगे कि हम आपके बेटों को 100 फीसदी नौकरी लगवा देंगे। तीनों ने नौकरी दिलाने के नाम पर 10-10 लाख रुपया की मांग की। राजपाल यादव ने मना किया कि रुपये देकर नौकरी नहीं लगाएंगे। इसपर आरोपियों ने राजपाल यादव को एक बार फिर भरोस दिया कि वे दोनों पुत्रों को पक्का नौकरी लगवा देंगे। इस तरह राजपाल राजी हो गए। इस तरह आरोपियों ने पहली बार एक लाख रुपये ले लिए। तीनों ने राजपाल यादव को भरोसा दिलाया कि बच्चों का नाम लिस्ट में आ गया है, उनका ज्वाइनिंग लेटर आने ही वाला है। तीनों ने कई किस्तों में सात लाख रुपये ले लिए।

### मेडिकल की छात्रा ने चिकित्सक पर लगाया दुष्कर्म और धमकी का आरोप, केस दर्ज

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के निजी विश्वविद्यालय में मेडिकल की पढ़ाई कर रही बरेली निवासी छात्रा ने थाना पाकबड़ा को दी तहरीर में निजी अस्पताल के चिकित्सक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपित ने उसकी अश्लील फोटो खींच कर ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। पीड़िता का रिश्ता तय हुआ तो आरोपित ने फर्जी आईडी से उसके मंगेतर के पास फोटो भेज कर रिश्ता तुड़वा दिया। पीड़ित छात्रा की शिकायत पर मंगलवार रात्रि में थाना पाकबड़ा पुलिस ने आरोपित डॉक्टर के खिलाफ दुष्कर्म और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

बरेली निवासी युवती मुरादाबाद के निजी विश्वविद्यालय में मेडिकल की छात्रा है। उसने पाकबड़ा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कालेज में पढ़ने के दौरान ही उसकी मुलाकात पूर्वी दिल्ली के गीता कालोनी के बेवरली हिट्स अपार्टमेंट निवासी डा. अब्दुल कादिर से हुई। आरोपित अब्दुल कादिर मुरादाबाद के निजी विश्वविद्यालय के हास्पिटल में चिकित्सक था। जबकि उसके पिता डा. अब्दुल खालिक समरा हास्पिटल नाम से दिल्ली के यमुना विहार में अस्पताल चलाते हैं। पीड़िता के अनुसार आरोपित डा. अब्दुल कादिर ने कॉलज आते-जाते उसके ऊपर डोरे डालने शुरू कर दिए। बाद में उसका मोबाइल नंबर प्राप्त कर मैसेज भेजने लगा। पीड़िता ने नंबर ब्लॉक कर दिया तो एक दिन कालेज में ही रोक कर उसके सामने शादी का प्रस्ताव रख दिया। बाद में आरोपित ने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि एक दिन वह पीड़िता को अपने आवास पर ले गया और वहां शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। संबंध बनाने के दौरान आरोपी ने फोटो भी खींच लिया।

# रग-रग में खूंखार रहे दस्यु राधे 15 साल बाद जेल से रिहा

## -दुर्दान्त डकैत ददुआ का रहा है खास-जिला न्यायालय ने सुनाई थी फांसी की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दस्यु ददुआ के दाहिने हाथ रहे दस्यु राधे उर्फ सूबेदार की 14 साल 11 महीने जेल काटने के बाद जिला कारागार रगौली से रिहाई हो गई। यह दुर्दान्त डकैत ददुआ का बेहद खास रहा है। राधे की रिहाई हाईकोर्ट के आदेश पर सजा पूरी करने के बाद सशर्त हुई है। उसे एक मामले में जिला न्यायालय से फांसी की सजा हुई थी, जिसे हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया था।

सोमवार को देर शाम दस्यु राधे की जिला कारागार से रिहाई हुई। यूपी-एमपी के बीहड में तकरीबन चार दशक तक आतंक के पर्याय रहे दस्यु सूबेदार सिंह उर्फ राधे को दस्यु ददुआ का दाहिना हाथ माना जाता था। राधे मूलरुप से कर्वी कोतवाली क्षेत्र के सपहा गांव का निवासी है। उसने आतंक के बूते जंगल किनारे बसे बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव को अपना खास ठिकाना बनाया था। डकैत ददुआ को एसटीएफ ने 22 जुलाई 2007 को मानिकपुर थाना क्षेत्र के झलमल जंगल के समीप मार गिराया था। इसके बाद राधे अपने कुछ बचे साथियों के साथ करीब डेढ वर्ष तक पाठा के बीहड में गैंग बनाकर टहलता रहा। वह साढे तीन लाख का ईनामी घोषित होने के बाद यूपी एसटीएफ के निशाने पर आ गया था।

बताते हैं कि दस्यु राधे ने अपनी जान बचाने की गरज से मानिकपुर के एक नेता के जरिये नाटकीय ढंग से सतना जिले के मझगवां थाना क्षेत्र में 24 फरवरी 2008 को आधा दर्जन साथियों के साथ सरेंडर हो गया था। इसके बाद



राधे को बांदा जिला कारागार लाया गया। जेल से स्थांतरित होने के बाद

उसे जिला कारागार रगौली में रखा गया। राधे पर यूपी-एमपी के थानों में सौ से ज्यादा गम्भीर अपराधों के मामले दर्ज थे।

जिला कारागार रगौली से सोमवार की देर शाम हाईकोर्ट के आदेश पर उसे रिहा किया गया। एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर राधे को जिला कारागार से छोडा गया है। राधे को नरसंहार के मामले में जिला न्यायालय से फांसी की सजा हुई थी, जिसे हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया था। ये सजा पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने रिहा करने के आदेश दिये थे।

चार दशक तक पाठा के बीहडों में यूपी-एसपी सरकार को चुनौती देने वाले डकैत ददुआ की बादशाहत यूं ही नहीं कायम रही, बल्कि इसके पीछे डकैत राधे ही मास्टर माइंड रहा है। लौघटा में चन्दन यादव का सिर काटकर गांव में घुमाना या फिर क्षेत्र के जाने-माने मडैयन के पूर्व प्रधान देवकुमार करवरिया का अपहरण व मऊ गुरदरी में ट्रैक्टर समेत पिता-पुत्र को जिन्दा जलाने की वारदात अंजाम देने में राधे ही सूत्रधार रहा है। डकैत राधे का पाठा के बीहड में इस कदर आतंक रहा कि पंचायत चुनाव से लेकर विधानसभा व लोकसभा चुनाव में उसके फरमान चलते रहे हैं। तकरीबन दो दर्जन ग्राम पंचायतों में प्रधान से लेकर आधा दर्जन जिला पंचायत सदस्य बनाने में उसकी दखलंदाजी रही है। उसकी पत्नी सत्यवती शीतलपुर से कई बार निर्विरोध प्रधान व भाई तथा भतीजा को जिला पंचायत सदस्य बनवाया था।

## बेसिक शिक्षकों का वेतन न मिलने पर 13 से होगा क्रमिक अनशनः अखिलेश पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने एसडीएम सदर राजबहादुर को सौंपे पत्र में चेताया है कि बेसिक शिक्षकों का वेतन भुगतान न होने पर 13 जनवरी से शिक्षक क्रमिक अनशन को बाध्य होंगे।

मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय व उपाध्यक्ष आलोक कुमार गर्ग ने एसडीएम सदर राजबहादुर को सौंपे पत्र में कहा कि बेसिक शिक्षकों का दिसम्बर 2022 का वेतन न मिलने से शिक्षकों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड रहा है। त्योहार व बच्चों की पढाई, बैंक लोन, ईएमआई आदि कार्यों में समस्या खडी हो गई है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों प्रयागराज,



बांदा, कौशाम्बी में दिसम्बर 2022 का वेतन एनपीएस कटौती के भुगतान किया जा चुका है। 25 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश होने से सैकडों शिक्षकों के जिले से बाहर होने के चलते शत-प्रतिशत प्रान आवंटन फार्म जमा हो पाना सम्भव नहीं हो रहा है। अवकाश के बाद शिक्षकों के प्रान आवंटन फार्म जमाकर दिये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि दिसम्बर 2022 का वेतन अन्य जिलों की भांति यहां भी जल्द दिया जाये। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक को वेतन भुगतान बाबत दिशा-निर्देश दिये जायें। 12 जनवरी तक वेतन भुगतान न होने पर 13 जनवरी से शिक्षक क्रमिक अनशन को बाध्य हो जायेंगे। इस मौके पर तमाम बेसिक शिक्षक मौजूद रहे।

## पांच पर गुण्डाएक्ट से अपराधियों मे मची खलबली

### डिफाल्टर के दो दिन पहले लगायें आख्याः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने पांच लोगों के खिलाफ गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है। मंगलवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने आम जनता में भय एवं आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले भुल्लर उर्फ राजेन्द्र, बादा उर्फ नानबाबू पुत्रगण छोटा सोनकर, महेन्द्री उर्फ महेन्द्र पुत्र बादा सोनकर निवासी शिवनगर कस्बा मानिकपुर व रामस्वरुप पुत्र केशव प्रसाद निवासी डांडीकोलान बराहमाफी, राकेश कोल पुत्र डब्बू निवासी बराहकोलान मजरा निहीचिरैया के खिलाफ थ्रीयूपी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने




पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पुलिस कार्यालय एवं थानों में आईजीआरएस का कार्य कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ हुई गोष्ठी में कहा कि सन्दर्भ डिफाल्टर होने के दो दिन पहले आख्या लगायें। सन्दर्भ पुनः प्राप्त हो तो आईजीआरएस कार्यालय को बतायें। आईजीआरएस सन्दर्भों में समय के अन्दर जांच आख्या लगाकर निस्तारित करायें। आईजीआरएस सन्दर्भ मिलने पर संबंधित दरोगा को तत्काल देकर समय से जांच आख्या उपलब्ध कराने को बतायें। थाना प्रभारी को प्रतिदिन मिलने वाले सन्दर्भों की जानकारी दें। डिफाल्टर होने वाले सन्दर्भों में संबंधित को बताते हुए डिफाल्टर दिनांक से पहले आख्या अपलोड करें। गोष्ठी में एएसपी/आईजीआरएस नोडल अधिकारी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ लाइन राजकमल, प्रभारी आईजीआरएस प्रदीप कुमार यादव, दरोगा रवीन्द्र कटियार एवं आईजीआरएस का कार्य देख रहे पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### भारत को स्वास्थ्य क्षेत्र में दें और मजबूतीः डॉ इलेश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व विख्यात सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुण्ड के प्रशासक डॉ इलेश जैन ने मप्र के इन्दौर में जारी 17वें प्रवासी भारतीय दिवस में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के तहत परिसंवाद में मप्र के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रभुराम चैधरी, चिकित्सकीय शिक्षा मंत्री विश्वासराव सारंग, स्वास्थ्य सचिव डॉ सुदाम खाडे भी मौजूद रहे।

मंगलवार को स्वास्थ्य एवं फार्मा सेक्टर के गणमान्य लोगों के साथ सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी/प्रशासक डॉ इलेश जैन ने प्रवासी भारतीय दिवस पर भारत को स्वास्थ्य के क्षेत्र में और ज्यादा मजबूत बनाने की दिशा में चल रहे कार्यों एवं योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने भारत को स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्यादा मजबूती देने वाले इस कार्यक्रम में चित्रकूट से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के प्रशासक डॉ इलेश जैन के हिस्सा लेने पर सद्गुरु परिवार के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड गई है।

नगर निगम टीम ने दो करोड़ 70 लाख की जमीन कराई कब्जा मुक्त

### नगर निगम टीम ने दो करोड़ 70 लाख की जमीन कराई कब्जा मुक्त

**मथुरा।** मंगलवार शाम को नगर निगम के अधिकारियों ने छटीकरा स्थित खसरा नंबर 570 की 1810 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। अधिकारियों के अनुसार इस जमीन की कीमत दो करोड़ सत्तर लाख रुपये बताई जा रही है। नगर आयुक्त अनुनय झा ने मथुरा-वृंदावन नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली जमीन को चिह्नित कर संरक्षित करने के निर्देश अधीनस्थों को दे रखे हैं। नगर आयुक्त के निर्देश के बाद अधीनस्थ नगर निगम की जमीन को चिहिन्त कर उसको कब्जा मुक्त कराने में जुट गए हैं। मंगलवार को अन्तमसिटी मौजा-छटीकारा स्थित खसरा सं. -570 की 1810 वर्गमीटर भूमि को अधिकारियों ने कब्जा मुक्त कराया। इसके साथ ही नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के स्वामित्व का बोर्ड भी लगवाया दिया। ताकि भविष्य में पुनः इस जमीन पर कोई कब्जा न कर सकें। अपर नगर आयुक्त क्रांतिशेखर ने बताया कि कब्जा मुक्त हुई जमीन की कीमत दो करोड़ सत्तर लाख रुपये के करीब है। जमीन को कब्जा मुक्त कराने के दौरान होने वाले विरोध से निपटने को पुलिस बल मौजूद रहा। कब्जा मुक्त कराने वालों में सहायक नगर आयुक्त लवकुश गुप्ता, प्रधान लिपिक गोपाल वशिष्ठ, जेसीओ टास्क फोर्स राहुल चतुवेर्दी, लिपिक गोपाल प्रसाद शर्मा, राजस्व निरीक्षक (नजूल) धर्मेंद्र कुमार, पीपी सिंह, निर्माण विभाग के सुपरवाइजर विजय कुमार वर्मा, सौरव ठाकुर, देवेंद्र चौधरी, धीरज, भरत राजपूत के अलावा नगर निगम प्रवर्तन की टीम भी मौजूद रही।

## कार्य अधूरा होने पर फर्म को लगायें एक लाख की पैनाल्टीः डीएम

### निर्माण निगम को भी पचास हजार की पैनाल्टी लगाने के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने रुर्बन मिशन योजना के तहत मऊ कलस्टर में निमार्णाधीन पुष्टाहार उत्पादन केन्द्र शेषासुबकरा एवं पर्यटन सुविधा केन्द्र छिवलहा का औचक मुआयना कर उत्पादन केन्द्र में एक माह से लेंटर पडने के बाद इमारत में फ्लोरिंग व प्लास्टर का कार्य न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने परियोजना निदेशक व एक्सईएन लोनिवि खण्ड एक को कडे निर्देश दिये कि संबंधित फर्म मां वैष्णो टेन्डर्स पर एक लाख रुपये की पैनाल्टी लगाई जाये।

मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने औचक निरीक्षण कर मां वैष्णो टेन्डर्स को चेताया कि कल से कार्य शुरू न होने पर प्रतिदिन पैनाल्टी लगाई जाये। अभी तक चहारदीवारी का कार्य भी पूरा नहीं हुआ। इस कार्य में भी तेजी लाई जाये। जो ईंट व अन्य सामग्री प्रयोग की जाती है, उसके नमूने




लेकर लैब भेजकर जांच करायें। जिलाधिकारी ने पर्यटन सुविधा केन्द्र में कार्य धीमी गति से मिलने पर सहायक अभियंता राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिये कि संबंधित फर्म हाईवे टेन्डर्स के कार्य में तेजी न आने पर प्रतिदिन पचास हजार रुपये की पैनाल्टी लगाई जाये। परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय ने बताया कि राजकीय निर्माण निगम कर्वी व मऊ में जो कार्य करा रहे हैं, कोई प्रगति नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि इन्हें नोटिस देकर कार्य शुरू न करने पर निर्माण निगम के अधिकारियों को जो कार्य का सेस कटता है, उसमें भी कटौती की जाये। निर्माण निगम के अधिकारियों को कडे निर्देश दिये कि कार्यों में प्रगति न होने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण में एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, एक्सईएन लोनिवि कृष्ण कुमार, एई महेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## चीन ने जवाबी कार्रवाई में दक्षिण कोरियाई लोगों के लिए वीजा निलंबित किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने देश के यात्रियों के लिए कोविड-19 जांच सियोल द्वारा अनिवार्य किए जाने के विरोध में पर्यटन या व्यापार के सिलसिले में देश आने वाले दक्षिण कोरियाई लोगों के लिए वीजा मंगलवार को निलंबित कर दिया।

सियोल में चीनी दूतावास द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक संक्षिप्त नोटिस में कहा गया है कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक कि दक्षिण कोरिया देश में ''चीनी लोगों के प्रवेश पर अपने भेदभावपूर्ण कदमों'' को हटा नहीं लेता।




इस संबंध में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया, हालांकि चीन ने उन देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है, जिन्होंने चीनी यात्रियों के लिए पिछले 48 घंटों के भीतर की कोविड-19 जांच की नेगेटिव रिपोर्ट दिखाना जरूरी कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चीन में महामारी के दौरान आंकड़े छिपाने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि चीन में पाबंदियां हटाए जाने के बाद कोविड महामारी के मामले तेजी से बढ़ने की खबर है।

## इंडोनेशिया में 7.6 की तीव्रता का भूकंप, ऑस्ट्रेलिया में भी महसूस किए गए झटके

**जकार्ता।** गहरे समुद्र में आए भीषण भूकंप के प्रभाव से पूर्वी इंडोनेशिया में एक गांव में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भी इसके झटके महसूस किए गए। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकीय एजेंसी ने 7.6 की तीव्रता के भूकंप के बाद सूनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे तीन घंटे बाद वापस ले लिया गया। एजेंसी के प्रमुख द्विकोरिता कर्णावती ने बताया कि भूकंप के बाद समुद्र में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं दिखा। पापुआ और पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांतों सहित कई क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। 'नेशनल डिज़ास्टर मिटिगेशन




एजेंसी' को दक्षिण पश्चिम मालुकु के वाटुवे गांव में मकानों और सामुदायिक इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबर मिली है।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी छोर से 105 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का केंद्र गहराई में होने पर उससे सतह पर नुकसान कम होता है, लेकिन इसके झटके अधिक क्षेत्र में महसूस किए जाते हैं।

'जियोसाइंस ऑस्ट्रेलिया एजेंसी' के अनुसार, डार्विन शहर सहित उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में 1,000 से अधिक लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। 'द ज्वॉइंट ऑस्ट्रेलियन सूनामी वॉर्निंग सेंटर' के अनुसार, भूकंप से मुख्य भूमि या किसी द्वीप या क्षेत्र को सूनामी का कोई खतरा नहीं है।

## कोविड पूर्व के स्तर की ओर लौट रही है हज यात्रा

**दुबई।** कोरोना वायरस महामारी को लेकर चिंताओं के कारण लगाई गई पाबंदियों को कम किए जाने के बाद सऊदी अरब में वार्षिक हज यात्रा के इस साल महामारी पूर्व के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्लाम में हज सभी सक्षम मुसलमानों के लिए उनके जीवन में एक बार आवश्यक है। यह दुनिया के लोगों के सबसे बड़े जमावड़े में से एक का प्रतिनिधित्व करता है। महामारी से पहले, हजयात्रा के लिये हर साल इस्लाम में पवित्र माने गए शहर मक्का में लाखों लोग जुटते थे। वर्ष 2019 में 24 लाख लोगों ने वार्षिक यात्रा में हिस्सा लिया था लेकिन 2020 में महामारी के कारण लगाए गए लॉकडाउन के चलते सऊदी अरब ने हजयात्रियों की संख्या को सिर्फ 1000 तक सीमित कर दिया।यह कदम अभूतपूर्व था क्योंकि 1918 की फ्लू महामारी के दौरान भी ऐसा नहीं किया गया था जब दुनिया भर में करोड़ों लोगों की जान बीमारी से चली गई थी। वर्ष 2021 में सऊदी अरब के करीब 60 हजार निवासियों को हज यात्रा की



इजाजत दी गई। पिछले साल करीब 10 लाख लोगों ने वार्षिक धार्मिक यात्रा की। लाल सागर के बंदरगाह शहर जेद्दा में हज के बारे में रात एक सम्मेलन में सऊदी हज और उमराह मंत्री तौफीक बिन फवजान अल-रबिया ने प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की। राज्य द्वारा संचालित सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार अल-रबियाह ने कहा, 'मैं इस बैठक में आपके लिए दो अच्छी खबरें लेकर आया हूं। पहला- तीर्थयात्रियों की महामारी पूर्व संख्या की वापसी बिना उम्र संबंधी किसी प्रतिबंध के।' उन्होंने कहा, 'और दूसरः दुनिया भर के किसी भी हज मिशन को किसी भी लाइसेंस प्राप्त कंपनी से करार की अनुमति देना जो उन देशों के तीर्थयात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करती हो।' हाल के वर्षों में केवल 18 से 65 वर्ष की आयु के लोग ही हज में शामिल हो सकते थे। सऊदी अरब ने यह भी सीमित कर दिया था कि कौन सी निजी कंपनियां हज के लिए यात्रा की व्यवस्था कर सकती हैं।

> अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्लाम में हज सभी सक्षम मुसलमानों के लिए उनके जीवन में एक बार आवश्यक है। यह दुनिया के लोगों के सबसे बड़े जमावड़े में से एक का प्रतिनिधित्व करता है।

## ईरान परमाणु समझौते से हटने का ट्रंप प्रशासन का निर्णय बड़ी रणनीतिक भूलः नेड प्राइस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा है कि पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का ईरान परमाणु कार्यक्रम पर महत्वपूर्ण समझौते 'जेसीपीओए' से हटने का फैसला हाल के वर्षों में अमेरिकी विदेश नीति की सबसे बड़ी रणनीतिक भूल है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) को आमतौर पर ईरान परमाणु समझौते या ईरान समझौते के रूप में जाना जाता है। इस पर सहमति 14 जुलाई, 2015 को ईरान और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ 'पी5 प्लस 1' समूह के बीच वियना में बनी थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मौजूदा (जो बाइडन) प्रशासन, ट्रंप प्रशासन के तब के निर्णय पर पुनर्विचार कर रहा है। यह निर्णय हाल के वर्षों में अमेरिकी विदेश नीति की सबसे बड़ी रणनीतिक गलतियों में से एक है। 'पी5 प्लस 1' में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका- प्लस जर्मनी शामिल हैं। 'पी5 प्लस 1' ने बराक ओबामा प्रशासन के दौरान ईरान के साथ यह समझौता किया था। प्राइस ने कहा कि अमेरिका जेसीपीओए को एक राजनयिक व्यवस्था तक पहुंचाने में सक्षम था क्योंकि उसने ईरान पर महत्वपूर्ण आर्थिक दबाव बनाने के लिए दुनिया भर के सहयोगियों और भागीदारों के साथ काम किया था।

## ब्रिटेन से प्रक्षेपित वर्जिन ऑर्बिट रॉकेट उपग्रहों को तैनात करने के मिशन में विफल

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष में नौ उपग्रहों के पेलोड को तैनात करने के मिशन पर ब्रिटेन से प्रक्षेपित वर्जिन ऑर्बिट रॉकेट तकनीकी खराबी के चलते परिक्रमा की कक्षा में पहुंचने में विफल रहा। कंपनी ने यहां जारी बयान में यह जानकारी दी। वर्जिन ऑर्बिट कंपनी ब्रिटिश अरबपति रिचर्ड ब्रेनसन की है। हालांकि नैस्डेक शेयर बाजार में सूचीबद्ध यह कंपनी अमेरिका से इस तरह के चार प्रक्षेपण पहले पूरे कर चुकी है। पेलोड मिशन में यूके स्पेस एजेंसी, रॉयल एयर फोर्स, वर्जिन ऑर्बिट और कॉर्नवॉल काउंसिल शामिल हैं।



## थाइलैंड जाने वाले पर्यटकों के लिए कोरोना टीकाकरण प्रमाण पत्र जरूरी

**नई दिल्ली।** कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच थाइलैंड आने वाले सभी पर्यटकों के लिए कोरोना टीकाकरण प्रमाण पत्र जरूरी कर दिया गया है। थाईलैंड पर्यटन प्राधिकरण ने सोमवार को कहा कि थाईलैंड आने वाले गैर-थाई यात्रियों के पास पूरी तरह से टीकाकरण प्रमाणपत्र पत्र होना चाहिए। थाईलैंड के पर्यटन प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि जिन देशों के यात्री कोरोना के कारण यात्रियों को वापस जाने से रोक सकते हैं, उन्हें कोरोना के इलाज के लिए कम से कम 10,000 अमेरिकी डॉलर का स्वास्थ्य बीमा कवर कराना होगा। विमान चालक दल और छात्रों सहित व्यावसायिक व्यवस्था वाले लोगों के पास इस तरह की जरूरतों को पूरा करने के लिए मेजबान या बीमा के अन्य रूप से एक पत्र होना चाहिए। इस प्रकार, थाईलैंड कई देशों के नियमों के अनुरूप होने का लक्ष्य बना रहा है और अन्य देशों के आगंतुकों या थाईलैंड के आगंतुकों के लिए कोरोना बीमा की आवश्यकता पर जोर दे रहा है। इसके अलावा, यह भी कहा गया है कि आधिकारिक और राजनयिक पासपोर्ट धारकों,




संयुक्त राष्ट्र को स्वास्थ्य बीमा आवश्यकताओं से छूट दी गई है। थाई पासपोर्ट धारकों और स्थानांतरण यात्रियों को टीकाकरण जांच और स्वास्थ्य बीमा आवश्यकताओं से छूट दी गई है। टीएटी को उम्मीद है कि 2023 में पर्यटन पुनरुद्धार जारी रहेगा, और 25 मिलियन विदेशी पर्यटकों का लक्ष्य है, जो 2022 में दर्ज 11.5 मिलियन आगंतुकों से दोगुना है।

## चान न बड़ पमान पर किया संयुक्त लड़ाकू अभ्यास



**बीजिंग।** चीन की सेना ने बड़े स्तर पर संयुक्त लड़ाकू अभ्यास किए और ताइवान की ओर युद्धक विमान तथा नौसैनिक पोत भेजे। चीन और ताइवान, दोनों के रक्षा मंत्रालयों ने यह जानकारी दी। यह अभ्यास ऐसे वक्त हुआ जब सोमवार को जर्मनी के सांसदों का एक समूह ताइवान पहुंचा। इस समूह की अगुवाई जर्मनी की संसद की रक्षा समिति की प्रमुख मैरी एग्नेस स्ट्रैक जिमरमेन कर रही हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अभ्यास भी जारी है। मंत्रालय ने कहा, '' चीन की हरकत ने ताइवान जलडमरूमध्य में और आसपास के जल क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बुरी तरह प्रभावित किया है।'' जर्मनी के सांसद ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन तथा ताइवान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख और 'मेनलैंड अफेयर्स काउंसिल' से मिलेंगे जो चीन से संबंधित मुद्दों को देखती है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान की ओर युद्धक विमान और पोत भेज कर ताइवान की सेना पर दबाव बनाया है। चीन इस द्वीप पर अपना दावा करता है, जो गृह युद्ध के बाद 1949 में मुख्यभूमि से अलग हो गया था।

## सिंगापुरः नौकरानी को प्रताड़ित करने पर भारतीय मूल की महिला को 14 साल की सजा

**सिंगापुर।** नौकरानी को प्रताड़ित करने के आरोप में सिंगापुर में भारतीय मूल की एक महिला को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई है। वर्ष 2016 में महिला की प्रताड़ना के कारण उसकी नौकरानी की मस्तिष्क में चोट लगने से मौत हो गई थी। भारतीय मूल की महिला 64 वर्षीय प्रेमा एस नारायणसामी व उनकी 41 वर्षीय बेटी गायत्री मुरुगयन पर अपनी नौकरानी डोन के साथ अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगा था। शिकायत की गयी थी कि प्रेमा ने अपनी नौकरानी को उसका शौचालय इस्तेमाल करते देखा, तो उसे जमकर पीटा। इसी पिटाई के दौरान नौकरानी के मस्तिष्क पर चोट लग गयी, जिसके बाद 26 जुलाई, 2016 को नौकरानी की मृत्यु हो गई थी।

अदालत में प्रेमा व उनकी बेटी गायित्री पर तमाम आरोप लगाए गए थे। बेटी गायित्री को 2021 में तीस साल की सजा सुनाई गयी थी। यह नौकरानी के साथ दुर्व्यवहार के मामले में सबसे लंबी सजा थी। नवंबर, 2021 में प्रेमा को 48 आरोपों में



दोषी ठहराया गया था। इस दौरान आरोप लगाया गया कि नौकरानी डोन ने जब मई, 2015 में इस परिवार के लिए काम करना शुरू किया था, तब उसका वजन 39 किलोग्राम था, लेकिन मृत्यु के समय उसका वजन केवल 24 किलोग्राम रह गया था। आरोपों के मुताबिक मौत से कुछ दिन पहले उसे रात में खिड़की की ग्रिल से बांध दिया गया था। जब उसने कूड़ेदान से खाना निकालने की कोशिश की, तो फिर उसके साथ मारपीट की। अभियोजकों ने प्रेमा के लिए 14 से 16 साल की जेल की सजा की मांग की थी। उप लोक अभियोजक सेंथिल कुमार सबपति ने कहा, जेल की सजा की मांग का आधार अपराधों की चौंकाने वाली जघन्य प्रकृति थी। अदालत ने प्रेमा को 14 साल की सजा सुनाई है।

## पाकिस्तान को बाढ़ से उबरने के लिए अमेरिका देगा 10 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त मदद

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान को पिछले साल आई विनाशकारी बाढ़ से उबरने और पुनर्निर्माण के प्रयासों के लिए अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की है। इस भयावह बाढ़ की चपेट में आने से 1,739 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 3.3 करोड़ लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसमें शरणार्थी आश्रय क्षेत्रों में बाढ़ राहत और पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए मानवीय मदद भी शामिल है। यह बताते हुए काफी संतोष हो रहा है कि अमेरिका बाढ़ से उबरने व पुनर्निर्माण के प्रयासों के लिए अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर की घोषणा कर रहा है। इस तरह इस मद में हमारी ओर से अब तक दी गई मदद राशि 20 करोड़ डॉलर हो गई है।

प्राइस ने कहा कि इस 10 करोड़ डॉलर का इस्तेमाल बाढ़ के प्रभावों से निपटने, शासकीय कार्यों, रोग संबंधी निगरानी, आर्थिक विकास और स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु स्मार्ट कृषि, खाद्य सुरक्षा व बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए होगा।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने



जिनेवा में जलवायु परिवर्तन के संबंध में एक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा था देश में क्षतिपूर्ति और पुनर्निर्माण को ध्यान में रखते हुए कम से कम 16.3 अरब डॉलर की जरूरत है। इसमें से आधी राशि घरेलू संसाधनों से प्राप्त होगी और आधी विदेशी संसाधनों से।

> विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसमें शरणार्थी आश्रय क्षेत्रों में बाढ़ राहत और पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए मानवीय मदद भी शामिल है।

## डॉ. माइकल देवव्रत पात्रा फिर से रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर नियुक्त

**नई दिल्ली/मुंबई।** केंद्र सरकार ने डॉ. माइकल देवव्रत पात्रा को फिर से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। देवव्रत पात्रा की नियुक्ति 15 जनवरी से एक साल के लिए की गई है। आरबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि डॉ. माइकल देवबत पात्रा को फिर से डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पात्रा को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के तौर पर एक साल के लिए नियुक्ति करने को मंजूरी दे दी है, जो 15 जनवरी से प्रभावी होगी। दरअसल देवव्रत पात्रा का तीन साल का कार्यकाल 14 जनवरी को खत्म हो रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. पात्रा साल 1985 से केंद्रीय बैंकर हैं। उन्होंने 14 जनवरी, 2020 को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के तौर पर पदभार संभाला था। पात्रा ने रिजर्व बैंक में विभिन्न पदों पर काम किया है। बतौर कार्यकारी निदेशक वह आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य रहे हैं, जिसे भारत में मौद्रिक नीति निर्णय लेने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक बार फिर वे इस जिम्मेदारी को संभालेंगे।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## यूरोप, अमेरिका के दौरे पर किशिदा ने सुरक्षा चिंताओं को रेखांकित किया

**टोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा यूरोप और ब्रिटेन के साथ सैन्य संबंधों को मजबूत करने और वाशिंगटन में एक शिखर सम्मेलन में जापान-अमेरिका गठबंधन के महत्व को रेखांकित करने के लिये सोमवार से एक सप्ताह लंबी यात्रा शुरू कर रहे हैं। किशिदा की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब(विश्व) युद्ध के बाद अपनाए गए संयम से इतर चीन की बढ़ती आक्रामकता के मद्देनजर जापान ज्यादा सक्रिय हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ शुक्रवार को किशिदा की बातचीत में उनके पांच देशों के दौरे पर भी जानकारी साझा की जाएगी। किशिदा इस दौरे के दौरान फ्रांस, इटली, ब्रिटेन और कनाडा भी जाएंगे।यह देश उन सात देशों के समूह में हैं जिनके साथ जापान ने रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाया है। उनके इस विदेश दौरे का पहला पड़ाव सोमवार को पेरिस है। किशिदा ने कहा कि बाइडन के साथ उनकी शिखर वार्ता जापान-अमेरिका गठबंधन की ताकत को रेखांकित करेगी और यह भी निर्धारित करेगी कि कैसे दोनों देश जापान की नई सुरक्षा और रक्षा रणनीतियों के तहत अधिक निकटता से काम कर सकते हैं। जापान ने दिसंबर में प्रमुख सुरक्षा और रक्षा सुधारों को अपनाया, जिसमें जवाबी हमले की क्षमता हासिल करना भी शामिल है। यह देश के विशेष रूप से सिर्फ आत्मरक्षा के लिए युद्ध के पहले के सिद्धांत के विपरीत है।

जापान का कहना है कि चीन और उत्तर कोरिया में तेजी से बढ़ते हथियारों से बचाव के लिए मिसाइल 'इंटरसेप्टर' की मौजूदा तैनाती अपर्याप्त है। किशिदा ने कहा कि वह बाइडन को नई रणनीति समझाएंगे, जिसके तहत जापान भी योनागुनी और इशिगाकी सहित ताइवान के करीब अपने दक्षिण-पश्चिमी द्वीपों पर रक्षातंत्र को मजबूत कर रहा है और वहां नए ठिकानों का निर्माण किया जा रहा है। किशिदा ने चीन के बढ़ते सैन्य और आर्थिक प्रभाव का मुकाबला करने के लिए राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने की दृष्टि का जिक्र करते हुए एनएचके राष्ट्रीय टेलीविजन टॉक शो 'संडे' में कहा, जापान-अमेरिका गठबंधन को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे, और कैसे हम मुक्त व स्वतंत्र हिंद-प्रशांत की दिशा में एक साथ काम करते हैं।' नई रणनीतियों के तहत, जापान ने 2026 में लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों कीतैनाती शुरू करने की योजना बनाई है जो चीन में संभावित लक्ष्यों तक पहुंच सकती हैं। इसके अलावा रक्षा बजट को वर्तमान एक प्रतिशत से सकल घरेलू उत्पाद के लगभग दो प्रतिशत के नाटो मानक के अनुरूप करने के लिये पांच साल के भीतर अपने रक्षा बजट को लगभग दोगुना करना और साइबरस्पेस व खुफिया क्षमताओं में सुधार करना भी नई रणनीति में शामिल है। यह विचार कम समय में जितना संभव हो उतना करना है क्योंकि कुछ विशेषज्ञों को लगता है कि बढ़ते जोखिमों को देखते हुए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग स्व-शासित ताइवान के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। चीन ताइवान पर अपने क्षेत्र के हिस्से के रूप में दावा करता है।